दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



शक्तिस्वरूपा के नौ रूप जगाते हैं.......

ऐसे करे फेस्टिव मेकअप.......

वर्ष : 10 | अंक : 291 | लखनऊ, 02 अक्टूबर, बुधवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## चारो तरफ भाजपा की लहर है : पीएम मोदी

### देश की एकता तोड़ने के लिए नए-नए प्रयोग कर रही कांग्रेस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, अभिनंदन किया। अपने संबोधन के शुरूआत में मोदी ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा को भारी बहुमत से जिताने का निश्चय कर लिया है। उन्होंने कहा कि मैंने एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में लंबे समय तक हरियाणा की जमीनी राजनीति को देखा है। बीते दिनों हरियाणा के अलग-अलग क्षेत्र में मुझे चुनाव अभियान के लिए, जनता-जनार्दन के दर्शन के लिए जाने का अवसर मिला है। आज इस चुनाव की ये मेरी अंतिम सभा है। आपने भी मेरी इस चुनाव की आखिरी सभा को चार चांद लगा दिए हैं।

मोदी ने कहा कि आज गांव-गांव में चारो तरफ भाजपा की लहर है। हर जगह एक ही आवाज गूंज रही है - भरोसा दिल से, भाजपा फिर से...। उन्होंने कहा कि हरियाणा का तो ट्रैक रिकॉर्ड रहा है कि केंद्र में जिसकी सरकार रहती है, हरियाणा में भी उसी की सरकार बनती है। आपने दिल्ली में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाई, अब यहां हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा सरकार बनाना आप लोगों ने तय कर लिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने हमें सिखाया है कि काम करो, मेहनत से करो। कांग्रेस का फॉर्मूला है- ना काम करो और ना दूसरों को काम करने दो। कांग्रेस की राजनीति केवल झूठे वादों तक सीमित रहती है, जबकि भाजपा की राजनीति मेहनत और परिणामों पर टिकी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम परिणाम पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि कांग्रेस कभी भी खुद मेहनत नहीं करती। कांग्रेस को लगता था कि 10 साल हो गए, हरियाणा वाले उन्हें थाली में परोसकर सत्ता दे देंगे। यही गलतफहमी कांग्रेस को मध्य प्रदेश में भी थी, वहां भी कांग्रेस के लोग पहले ही जीत का जश्न मनाने लगे थे। लेकिन मध्य प्रदेश की जनता ने वोटिंग के दिन कांग्रेस को दिन में तारे दिखा दिए। उन्होंने कहा कि यहां हरियाणा में कांग्रेस के भीतर जो कलह मची है, उसे भी यहां के लोग देख रहे हैं। कांग्रेस से सबसे अधिक नाराजगी तो दलित, पिछड़े, वंचित समाज की है। दलित समाज ने भी ठान लिया है कि वो बापू-बेटे की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देश के लिए जरूरी हर विषय को उलझाए रखा... कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनने दिया। कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में संविधान पूरी तरह से लागू नहीं होने दिया। उसने हमारी बहनों को संसद और विधानसभा में आरक्षण से वंचित रखा। उसने हमारी मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की समस्या में उलझाए रखा। कांग्रेस ने देश की, देशवासियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया बल्कि अपने परिवार को स्थापित करने में पूरी शक्ति लगा दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस देश से देशभक्ति को ही चूर-चूर करना चाहती है।

#### पीएम मोदी ने साधा पाकिस्तान पर निशाना

जम्मू कश्मीर में जारी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री ने एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने राज्य की सभी बड़ी पार्टियों नेशनल कांफ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी पर जमकर हमला बोला। इसके साथ ही अपने भाषण में पीएम मोदी ने पाकिस्तान का जिक्र करते हुए उसे आड़े हाथों लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राज्य की जनता कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के शासन से त्रस्त हो चुकी हैं और लोग एक बार फिर से वही पुराना निजाम नहीं चाहते हैं, जिसमें लोगों के साथ भेदभाव हो और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिले। उन्होंने बताया कि अब राज्य के लोग आतंकवाद, अलगाववाद और खून खराबे वाली राजनीति से दूर हो चुके हैं और अब लोग अमन और शांति की कामना करते हैं।

## संविधान खत्म करना चाहती है भाजपा : राहुल गांधी

### कुछ चुनिंदा अरबपतियों के पास जा रहा सारा पैसा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हरियाणा के बहादुरगढ़ में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि हर कोई जानता है कि यहां ड्रग्स का मुद्दा है। मैं मोदी जी से पूछता हूं कि जब अडानी के मुद्रा पोर्ट पर हजारों किलो ड्रग्स पकड़ी गई, तो आपने क्या कार्रवाई की? उन्होंने दावा किया कि जब हम सत्ता में आएंगे, तो 1200 रुपये में बिकने वाला (एलपीजी) गैस सिलेंडर अब 500 रुपये प्रति सिलेंडर पर उपलब्ध होगा। हम हरियाणा के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य भी देंगे।

राहुल ने कहा कि हरियाणा के लोग सेना में जाते थे, लेकिन नरेंद्र मोदी ने 'अग्निवीर योजना' लाकर इस रास्ते को भी बंद कर दिया है। अग्निवीर योजना हिंदुस्तान के जवानों से पेंशन, कैंटीन और शहीद का दर्जा चोरी करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के दलितों, पिछड़ों, गरीबों को जो भी मिला है, वो सभी संविधान की देन है। लेकिन भाजपा हमेशा संविधान पर आक्रमण करती रहती है। उन्होंने कहा कि जब आरएसएस के लोग देश के संस्थानों में अपने लोगों को भरते हैं और गरीबों, वंचितों को जगह नहीं देते- वो संविधान पर आक्रमण करते हैं। जब नरेंद्र मोदी, अडानी-अंबानी की मदद करते हैं और हिंदुस्तान में रोजगार का सिस्टम खत्म करते हैं- वो संविधान पर आक्रमण करते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करती है, हम संविधान की रक्षा करते हैं। उन्होंने दावा किया कि आज के हिंदुस्तान में कुछ चुनिंदा अरबपतियों के पास सारा पैसा जा रहा है। वहीं पेट्रोल-डीजल, प्याज जैसी चीजों के दाम बढ़ाकर आपकी जेब से लगातार पैसा निकाला जा रहा है। सच्चाई यही है- किसी एक सामान के लिए जितनी GST अडानी-अंबानी देते हैं, उतनी ही GST देश का सबसे गरीब किसान भी देता है।

| मौसम | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 43.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

| बाजार | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 81,332.72 |
| निफटी | 24,834.85 |

## पेजर अटैक को भारतीय सेना प्रमुख ने बताया इजराइल का मास्टरस्ट्रोक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लेबनान में सिलसिलेवार ढंग से धमाके शुरू हुए। किसी की जेब में तो किसी के हाथ में रखे पेजर अपने आप फटने लगे। जब तक सिलसिला थमता तब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी थी। अब इस हमले को लेकर एक सवाल पर भारत के आर्मी चीफ जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने बयान दिया है। उन्होंने चाणक्य रक्षा संवाद के उद्घाटन कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट और अवरोधन ऐसी चीज है जिस पर हमें बहुत सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि हमें विभिन्न स्तरों पर निरीक्षण करना होगा, चाहे वह तकनीकी स्तर पर हो या मैन्युअल स्तर पर, यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे मामले में ऐसी चीजें दोहराई न जाएं। जनरल द्विवेदी ने कहा कि आप जिस पेजर के बारे में बात कर रहे हैं, वो ताइवान की एक कंपनी का है। ये ताइवनी कंपनी हंगेरियन कंपनी को आपूर्ति कर रही है। इसके बाद हंगेरियन कंपनी इसे उन्हें दे रही है। जो शेल कंपनी बनाई गई थी वह कुछ ऐसा है जो इजरायलियों द्वारा एक मास्टरस्ट्रोक है। इसका मतलब है कि वे इसके लिए तैयार थे। यह उस दिन से शुरू होता है जब आप योजना बनाना शुरू करते हैं। ऐसी चीजों को सुनिश्चित करने के लिए हमें विभिन्न स्तरों पर निरीक्षण करना होगा चाहे वह तकनीकी स्तर पर हो या मैन्युअल स्तर पर हो।

## लद्दाख के लोगों की आवाज सुने केंद्र, पदयात्रा रोकने से कुछ हासिल नहीं किया जा सकता : अखिलेश यादव

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र से जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक सहित लद्दाख के लोगों की आवाज सुनने का आग्रह किया, जिन्हें पुलिस ने कथित तौर पर दिल्ली की सीमा पर रोक दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जो लोग शांति से डरते हैं, वे अंदर से डरे हुए लोग होते हैं। भाजपा सरकार पर्यावरण रक्षक व लद्दाख हितैषी सोनम वांगचुक जी की शांतिपूर्ण दिल्ली यात्रा को बाधित करके कुछ भी हासिल नहीं कर सकती। केंद्र अगर सरहद की आवाज नहीं सुनेगा तो ये उसकी राजनीतिक श्रवणहीनता कहलाएगी।

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और दिल्ली सीमा पर हिरासत में लिये गए अन्य लोगों ने मंगलवार को उन पुलिस थानों पर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया जहां उन्हें रखा गया है। इन लोगों को उस समय हिरासत में लिया गया जब वे लद्दाख के लिए छठी अनुसूची में दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर राजधानी की ओर मार्च कर रहे थे। वांगचुक, एक महीने पहले लेह से शुरू हुई दिल्ली चलो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे है। उन्हें और लद्दाख के लगभग 120 अन्य लोगों को सोमवार रात हिरासत में लिया गया। पदयात्रा का आयोजन लेह एपेक्स बॉडी द्वारा किया गया था, जो करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ मिलकर पिछले चार साल से लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा दिए जाने और इसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने, लद्दाख के लिए लोक सेवा आयोग के साथ ही शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने और लेह एवं करगिल जिलों के लिए अलग लोकसभा सीटों की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रही है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, वांगचुक और उनके साथ आए लोगों को निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के लिए दिल्ली सीमा पर हिरासत में लिया गया और उन्हें बवाना, नरेला औद्योगिक क्षेत्र और अलीपुर सहित विभिन्न पुलिस थानों में ले जाया गया। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को कानून एवं व्यवस्था का हवाला देते हुए अगले छह दिनों के लिए शहर के मध्य और सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी भी विरोध प्रदर्शन या पांच और उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने के खिलाफ निषेधाज्ञा जारी की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### झांसी में टला बड़ा रेल हादसा, टूटी पटरियों पर दौड़ी केरला एक्सप्रेस, यात्रियों की अटक गई सांस

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

झांसी, एक चौंकाने और हैरान करने वाली घटना सामने आ रही है। दरअसल, केरल एक्सप्रेस मंगलवार को उत्तर प्रदेश के ललितपुर में टूटे हुए ट्रैक पर दौड़ गई। हालांकि, सौभाग्य से ट्रेन एक बड़ी दुर्घटना से बाल-बाल बच गई। ट्रेन तिरुवनंतपुरम से नई दिल्ली जा रही थी। जानकारी के मुताबिक, ललितपुर में स्थानीय रेलवे प्रशासन की गलती के कारण ट्रेन क्षतिग्रस्त ट्रैक पर दौड़ गई। जब ट्रेन आ रही थी तो रेलवे स्टाफ ट्रैक पर काम कर रहा था। उन्होंने लाल झंडी दिखाई लेकिन जब तक लोको पायलट ने आपातकालीन ब्रेक लगाए, तब तक तीन डिब्बे ट्रैक के क्षतिग्रस्त हिस्से से गुजर चुके थे। बड़ा हादसा टल गया और घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। हालांकि, जब ट्रेन झांसी पहुंची तो यात्री ट्रेन से उतर गए और हंगामा करने लगे। हाल के सप्ताहों में ट्रेनों को पटरी से उतारने और दुर्घटनाओं को अंजाम देने की कोशिशें तेजी से बढ़ी हैं। अकेले यूपी में ऐसे कई मामले सामने आए हैं। 28 सितंबर को महोबा जिले के मानिकपुर रेलवे लाइन के बांदा-महोबा रेलवे ट्रैक पर टूटे हुए खंभे का एक टुकड़ा रख दिया गया था। सतर्क लोको पायलट द्वारा समय पर आपातकालीन ब्रेक लगाने के कारण दुर्घटना टल गई। उसी दिन यूपी के बलिया में रेलवे ट्रैक पर कुछ शरारती तत्वों ने एक बड़ा पत्थर रख दिया था, जिसे देखकर लोको पायलट ने ब्रेक लगाया लेकिन इंजन उस पत्थर से टकरा गया। इससे पहले 22 सितंबर को उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले में रेलवे ट्रैक पर गैस सिलेंडर मिला था। घटना सुबह 6.09 बजे दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर महाराजपुर के प्रेमपुर स्टेशन के पास हुई. मालगाड़ी के लोको पायलट द्वारा रास्ते में रखी वस्तु को देखकर ब्रेक लगाने से एक बड़ा रेल हादसा टल गया।

## लखनऊ में नसरल्लाह की मौत पर प्रदर्शन

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। देश के कई राज्यों की तरह लखनऊ मे भी लेबनान में मारे गये आतंकी हसन नसरल्लाह की मौत के बाद शिया समुदाय में आक्रोश है। विरोध में इन्होंने पुराने लखनऊ में राजाजीपुरम में तालकटोरा स्थित कब्रिस्तान और छोटे से लेकर बड़े इमामबाड़े तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल। यह लोग नसरल्लाह को शहिद बता रहे हैं। छोटे इमामबाड़ा से लेकर बड़ा इमामबाड़ा तक हजारों की संख्या में शिया मुसलमानों ने विरोध मार्च निकाला। हाथों में हसन नसरल्लाह की तस्वीर लेकर जिंदाबाद के नारे लगाए। इसी के साथ शिया मुसलमानों ने इसराइल के प्रधानमंत्री का पोस्टर जलाकर विरोध जताया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने हिजबुल्लाह के महासचिव सैयद हसन नसरल्लाह की मौत पर अफसोस जताया और इस पूरी घटना का जिम्मेदार इसराइल को बताया गया।

प्रदर्शन में शामिल जैदी ने कहा, कि नसरल्लाह की मौत का दिन हमारे लिए ब्लैक डे है। हम सभी लोग नसरल्लाह को श्रद्धांजलि देने और इसराइल के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। छोटा इमामबाड़ा से लेकर बड़ा इमाम वाले तक लगभग एक किलोमीटर लम्बा प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने कहा नसरल्लाह हमारे बहुत मजबूत लीडर और शिया कौम के मार्गदर्शक थे। नसरल्लाह ने शिया समाज और मानवता के लिए कई बड़े काम किए हैं, जिनको भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने आईएसआईएस के हमलों के दौरान इमाम अली की बेटी हजरत जैनब के दरगाह की सुरक्षा की थी। हमेशा फिलिस्तीन के पीड़ितों का साथ दिया। इस पूरी घटना का जिम्मेदार इस्राइल है, वो बेगुनाहों का लहू बहा रहा है।

प्रदर्शन में शामिल हुसैनी टाइगर के सदस्य जरी ने बताया कि हसन नसरल्लाह की मौत का शिया समुदाय तीन दिनों तक शोक मनाएगा. आज हम लोग सड़कों पर उतर कर इस्राइल का विरोध कर रहे हैं. इजराइल का प्रधानमंत्री पीड़ितों की मदद करने वालों पर हमला कर रहा है. हम दुनिया के 56 मुस्लिम मुल्कों से यह गुहार लगाते हैं, कि एक साथ आए और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं. तीन दिन तक गम शोक मनाएंगे अपने घरों की छतों पर काला झंडा लगा कर श्रद्धांजलि देंगे. हमारी मांग है, कि इस्राइल फिलिस्तीन और लेबनान के लोगों पर अपनी आक्रामकता को तत्काल रोके।

## मानसून की बारिश खत्म, दिल्ली में उमस भरी गर्मी लौटी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, देश के ज्यादातर राज्यों में मानसून की बारिश खत्म होने वाली है। देश के कई हिस्सों में जाते हुए भी बारिश कहर बनकर आसमान से बरसी है। गुजरात, यूपी से लेकर बिहार तक में भारी बारिश हुई लेकिन अब यह दौर खत्म होता दिख रहा है। कुछ राज्य ही हैं जहां हल्की बारिश की संभावना अब भी बनी हुई है। वहीं, बारिश खत्म होते ही देश की राजधानी दिल्ली में फिर से उमस और गर्मी से जूझना शुरू हो गया है। आइए जानते हैं देशभर में मौसम का हाल। पिछले एक सप्ताह से दिल्ली में बारिश गायब है, जिसके चलते देश की राजधानी एक बार फिर उमस और गर्मी से परेशान है। यहां तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन-चार दिनों तक दिल्ली में बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि, 5 अक्टूबर से राष्ट्रीय राजधानी का मौसम फिर बदल सकता है। 5 अक्टूबर के बाद दिल्ली में फिर से बादल छाने और बारिश की संभावना है। उत्तर प्रदेश और बिहार के पूर्वी इलाकों में बारिश कहर बरपा रही है। यहां कई इलाके बाढ़ की मार झेल रहे हैं। बिहार में हालात और भी खराब हैं क्योंकि कई जिले पूरी तरह से जलमग्न हो चुके हैं।

## मंदिर, मस्जिद या किसी दूसरे धार्मिक स्थान, सड़क के बीच बाधा नहीं बन सकती कोई भी संरचना

### सुप्रीम कोर्ट का सख्त निर्देश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा सर्वोपरि है और सड़कों या रेलवे पटरियों पर अतिक्रमण करने वाली किसी भी धार्मिक संरचना को हटा दिया जाना चाहिए, चाहे वह मंदिर हो या दरगाह। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और बुलडोजर कार्रवाई और अतिक्रमण विरोधी अभियानों पर उसके निर्देश किसी भी धर्म के लोगों के लिए होंगे। सुप्रीम कोर्ट अपराधों के आरोपी लोगों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कार्यवाही के दौरान उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्य प्रदेश राज्यों का प्रतिनिधित्व किया। यह पूछे जाने पर कि क्या आपराधिक मामले में आरोपी होने के कारण बुलडोजर कार्रवाई का सामना करना उचित हो सकता है, मेहता ने दृढ़ता से कहा, 'नहीं, बिल्कुल नहीं,' उन्होंने जोर देकर कहा कि बलात्कार या आतंकवाद जैसे गंभीर आरोपों के लिए भी ऐसे कदम नहीं उठाए जाने चाहिए। उन्होंने विध्वंस से पहले अग्रिम सूचना प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया, सुझाव दिया कि नोटिस पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजा जाना चाहिए, जैसा कि विभिन्न नगरपालिका कानूनों द्वारा अनिवार्य है।

पीठ ने नगर निगम के नियमों और पंचायतों के नियमों के बीच विसंगतियों पर ध्यान दिया, पारदर्शिता और रिकॉर्ड रखने को सुनिश्चित करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल की स्थापना की वकालत की, जिससे जनता को विध्वंस आदेशों के बारे में सूचित रहने की अनुमति मिल सके।

## बंगाल में लोग सालभर दुर्गा पूजा का इंतजार करते हैं: ममता बनर्जी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



कोलकाता । पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा से पहले आंदोलनकारी जूनियर चिकित्सकों द्वारा फिर से पूर्ण रूप से काम बंद करने के मद्देनजर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि लोग पूरे साल इस त्योहार का इंतजार करते हैं। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री सुजीत बोस द्वारा श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब में आयोजित सामुदायिक दुर्गा पूजा में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी सरकार द्वारा विभिन्न दुर्गा पूजा के आयोजनों के लिए दी जाने वाली वार्षिक सहायता ऐसे कई क्लब के लिए मददगार होती है जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं।

उनकी यह टिप्पणी अगस्त में आरजी कर अस्पताल में एक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित बलात्कार और हत्या के मामले में चल रहे विरोध प्रदर्शन के बाद कई क्लबों द्वारा 85,000 रुपये की वित्तीय सहायता अस्वीकार करने की पृष्ठभूमि में आई है। बनर्जी ने कहा, राज्य के लोग सालभर दुर्गा पूजा समारोहों के आयोजन की प्रतीक्षा करते हैं। बंगाल में दुर्गा पूजा त्योहार के मौसम की शुरूआत है। इसके बाद दिवाली, काली पूजा और छठ पूजा होती है। यह त्योहारों का मौसम दिसंबर में क्रिसमस तक रहता है।

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को टिप्पणी की थी कि चिकित्सकों को आंतरिक एवं बा रोगी सेवाओं सहित आवश्यक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इसके एक दिन बाद मंगलवार को पश्चिम बंगाल में आंदोलनकारी जूनियर चिकित्सकों ने मंगलवार को फिर से पूर्ण रूप से काम बंद कर दिया तथा मांग की कि राज्य सरकार अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने की आवश्यकता सहित विभिन्न मुद्दों का समाधान करे। चिकित्सकों के मंगलवार सुबह से अनिश्चितकालीन और पूर्ण रूप से काम बंद करने के निर्णय की घोषणा करने से पहले रात भर उनकी गवर्निंग बॉडी की बैठक हुई। बनर्जी ने 20 सितंबर तक 42 दिन तक काम बंद रहने के पहले चरण के दौरान जूनियर चिकित्सकों से काम पर लौटने का अनुरोध करते हुए कहा था कि लोग साल भर दुर्गा पूजा का इंतजार करते हैं।

उन्होंने आज कहा, ऐसे क्लब हैं जिन्हें राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता की आवश्यकता नहीं है। लेकिन कई छोटे क्लब हैं, जिनके लिए 85,000 रुपये का यह अनुदान बहुत उपयोगी है, इसके अलावा उन्हें कार्यक्रम के आयोजन के लिए बिजली शुल्क में छूट भी दी जा रही है। चिकित्सकों के विरोध प्रदर्शनों के साथ अभूतपूर्व तरीके से एकजुटता दिखाते हुए पूरे पश्चिम बंगाल में छोटी और बड़ी दोनों तरह की कई दुर्गा पूजा समितियों ने राज्य सरकार द्वारा त्योहार के लिए पारंपरिक रूप से दिए जाने वाले 85,000 रुपये के अनुदान को अस्वीकार कर दिया है, तथा इस वर्ष भव्य समारोह के आयोजन से परहेज करने का निर्णय लिया है। दुर्गा पूजा उत्सव की शुरूआत नौ अक्टूबर से होगी और यह 12 अक्टूबर को विजया दशमी पर समाप्त होगा।

## संक्षेप

### दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक गांव में नाबालिक किशोरी को प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर व अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था जिसके बाद पुलिस ने मंगलवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी युवक ललित पाल निवासी गदियाखेड़ा मजरा तिलन को पुलिस ने घर से दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया बीते 16 सितंबर को किशोरी के भाई की दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तालाश की जा रही थी। मंगलवार को आरोपी ललित पाल को पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### यूपी में बच्चों को मिलने वाली है स्कॉलरशिप, सरकार ने पूरी कर ली तैयारी; फटाफट करें आवेदन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से सेंट्रल सेक्टर स्कीम आफ स्कालरशिप फार कालेज एंड यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स के तहत छात्रवृत्ति मिलेगी। यह छात्रवृत्ति वर्ष 2024 में इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले टाप 20 परसेंटाइल मेधावियों को दी जाएगी। राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त और वित्तविहीन विद्यालयों के छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। योजना के तहत विज्ञान, वाणिज्य और कला वर्ग के कुल 11,460 छात्रों को इसका लाभ मिलेगा, जिनमें से अधिकांश विज्ञान वर्ग के होंगे, इसके बाद वाणिज्य और मानविकी वर्ग के छात्र आएंगे।

# ए सी पी ने गांव गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज निगोहाँ नगराम थाना क्षेत्र में सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा लगातार थाना प्रभारियों के साथ मिलकर गांव गांव चौपाल लगाकर ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुन रहे है और साथ ही महत्वपूर्ण जानकारी देकर लोगों को जागरूक कर रहे है मंगलवार के दिन इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त दक्षिणी केशव कुमार के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज आलोक राव द्वारा आयोजित ₹पुलिस आपके द्वार₹ अभियान के तहत ग्राम धनुवांसाड में चौपाल लगाकर ग्राम धनुवांसाड व मरुई ग्राम सभा में रहने वाले व्यक्तियों की गोष्ठी की गयी जिसमें जनता व पुलिस के सम्बन्ध व विश्वास को सुदृढ करने हेतु सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा निम्न बिन्दुओ पर चचाएं की गईं सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा व थानाध्यक्ष अलोक राव द्वारा धनुवांसाड व मरुई गांव लगाई गईं। सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा व थानाध्यक्ष अलोक राव द्वारा चौपाल में सभी व्यक्तियों से बताया गया कि रात्रि में जो भी ड्रोन उड़ते हुए नजर आते हैं वह सरकारी कार्य एवं सुरक्षा तथा एरिया डोमिनेशन के दृष्टिगत उड़ाया जा रहा है किसी अपवाह पर ध्यान न दें और इसमें किसी व्यक्ति को डरने की आवश्यकता नहीं है सभी से आग्रह किया गया कि सभी अपने मकानो और दुकानों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाए इसके साथ ही महिला सम्बन्धी अपराध के सम्बन्ध में ग्रामीण लोगों को जागरूक किया गया और चौपाल में मौजूद सभी व्यक्तियों से यह बताया गया कि यदि किसी का जमीनी विवाद या राजस्व से सम्बन्धित कोई विवाद है तो थाना दिवस तहसील दिवस में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें उसका शीघ्र निस्तारण व विधिक कार्यवाही की जायेगी इसके अलावा साइबर अपराध के सम्बन्ध में निम्न बिन्दुओ पर जागरूक किया गया जैसे कि संदेह वाले मेल या लिंक को इग्नोर करें और एटीएम पिन ओटीपी किसी व्यक्ति से साझा न करें और किसी कम्पनी के कस्टमर केयर नम्बर की आवश्यकता होने पर सिर्फ ऑफीशियल वेबसाइट से ही नम्बर प्राप्त करें इस बात का विशेष ध्यान दिया जाय कि बैंक कर्मचारी फोन पर डिटेल नहीं मांगते हैं यदि कोई व्यक्ति फोन करके आधार नम्बर या खाता नम्बर पूछ रहा है तो विवरण न दें और साइबर फ्रॉड हो जाने की स्थिति में तत्काल 1930 पर कॉल कर सूचना दर्ज कराये और ग्राम वासियों को यू.पी.सी.ओ.पी ऐप के सम्बन्ध में बताया गया जिसमें विभिन्न नागरिक सेवाएं मौजूद हैं जिनमें से चरित्र सत्यापन किरायेदार सत्यापन घरेलू सत्यापन आदि मौजूद हैं। वही चौपाल में आगामी त्यौहार नवरात्रि दशहरा दिवाली में आपसी सौहार्द बनाये रखने के लिए बताया गया इसके अलावा जनता के सम्भ्रांत व्यक्तियों से आग्रह किया गया कि गांव में त्यौहार के सम्बन्ध में कोई नई परम्परा शुरू न करें और किसी अराजक तत्व द्वारा यदि अपरिहार्य स्थिति उत्पन्न किया जाता है तो तत्समय पुलिस को सूचित करें। इस दौरान जन चौपाल में काफी संख्या में ग्रामीण लोग एकत्रित हुए और सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा व थानाध्यक्ष अलोक राव द्वारा बताई गईं महत्वपूर्ण बातों को बड़े ही ध्यान पूर्वक सुना।

## शिक्षामित्रों व रसोइयों के आएंगे अच्छे दिन, सरकार बढ़ाने वाली है मानदेय

दीपावली से पहले मिलेगा तोहफा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। प्रदेश में शिक्षामित्रों, रसोइयों और अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाया जा सकता है। शासन ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन कार्य कर रहे संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के बारे में ब्योरा मांगा है। करीब 5.81 लाख कर्मचारी संविदा, आउटसोर्सिंग और दैनिक मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। दीपावली से पहले इन्हें बढ़े मानदेय का लाभ दिया जा सकता है। शासन की ओर से मांगी गई सूचना को जुटाने के लिए अपर राज्य परियोजना निदेशक (समग्र शिक्षा) एकता सिंह की ओर से बेसिक शिक्षा के सभी कार्यालयों से इन कर्मियों की जानकारी मांगी गई है। प्रदेश में 1.48 लाख शिक्षामित्र हैं, जिन्हें 10 हजार रुपये मासिक मानदेय मिलता है। करीब 4.02 लाख रसोइया हैं और प्रत्येक को दो-दो हजार रुपये मानदेय मिलता है। ऐसे ही बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में तैनात पांच-पांच कर्मियों में कंप्यूटर ऑपरेटर को 24 हजार और लेखाकार को 24,500 रुपये मानदेय मिल रहा है। वहीं, सभी ब्लाक संसाधन केंद्रों पर पांच-पांच कंप्यूटर ऑपरेटर व लेखाकार तैनात हैं। यहां कंप्यूटर ऑपरेटर को 11,100 रुपये और लेखाकार को 11,600 रुपये मासिक मानदेय दिया जा रहा है। फिलहाल, लंबे समय से यह मानदेय बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। उप्र बीटीसी शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिल यादव का कहना है कि मानदेय में बढ़ोतरी की जानी चाहिए। सरकार महंगाई को देखते हुए इसमें वृद्धि करे।

# भारतीय विधि व न्याय व्यवस्था में भारतीय मूल्य दिखना चाहिए : मीनाक्षी

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। मंगलवार को अधिवक्ता परिषद जिला इकाई द्वारा अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के 32वे स्थापना दिवस के अवसर पर नये आपराधिक कानून ₹भारतीय न्याय संहिता, 2023₹ विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गयी। यह कार्यक्रम जनपद न्यायालय प्रांगण में सेंट्रल बार एसोसिएशन स्थित डॉ० राजेन्द्र प्रसाद सभागार में संपन्न हुआ। इस मौके पर जनपद न्यायालय, कलेक्ट्रेट, पारिवारिक न्यायालय व ट्रिब्यूनल के सम्मानित अधिवक्तागण कार्यक्रम में शिरकत किये। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित करके माँ भारती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन करने के बाद वंदे मातरम गायन के साथ हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीनाक्षी परिहार सिंह प्रान्त महामंत्री अधिवक्ता परिषद अवध प्रान्त ने अपने विचार रखते हुए बताया कि ₹अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की स्थापना जिस विचार के साथ की गयी थी कि भारतीय विधि व न्याय व्यवस्था में भारतीय मुल्य दिखना चाहिए, वह भारतीय न्याय संहिता के पारित व लागू हो जाने से साफ झलकती है।₹ कार्यक्रम के वक्ता अधिवक्ता आशीष वर्मा ने संगोष्ठी में भारतीय न्याय संहिता की बारीकियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी साझा करी एवं उन्होंने कहा कि- ₹भारतीय न्याय संहिता को इस परिकल्पना के साथ पारित किया गया है यह न्याय आधारित कानून है जिसका उद्देश्य न्याय करना है ना कि दण्ड देना।₹ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश पाण्डेय अतिरिक्त जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) व पूर्व अध्यक्ष लखनऊ जिला इकाई अधिवक्ता परिषद, संजीव तिवारी पूर्व महामंत्री लखनऊ जिला इकाई अधिवक्ता परिषद, सच्चीदानंद राय थे। अधिवक्ता परिषद लखनऊ जिला इकाई के अध्यक्ष राहुल निगम, महामंत्री अवनीश कुमार राय, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रियंका मिश्रा एवं मंत्रीगण हरि कृष्ण वर्मा व हरि गोविन्द दुबे एवं कार्यकारिणी सदस्य अंकुर तिवारी, जीत त्रिपाठी, राम सहाय यादव, प्रभाकर, सरला पाल, अविनाश धर द्विवेदी, प्रीती साहू, रोहित कुमार, अम्बुज सिंह, आलोक सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## विश्व बैंक की मदद से यूपी में कृषि क्रांति, 4000 करोड़ की परियोजना से किसानों को होगा फायदा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : विश्व बैंक के सहयोग कृषि व संबद्ध क्षेत्र की तस्वीर बदलने, किसानों की आय बढ़ाने और उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने की बड़ी पहल करते हुए कैबिनेट ने यूपी एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड रूरल इंटरप्राइज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग (यूपीएग्रीज) परियोजना को मंगलवार को स्वीकृति प्रदान की है। चार हजार करोड़ रुपये की यूपीएग्रीज परियोजना अपेक्षाकृत पिछड़े समझे जाने वाले बुंदेलखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के आठ मंडलों के 28 जिलों में संचालित की जाएगी। छह वर्षों तक संचालित होने वाली इस परियोजना के लिए विश्व बैंक से 2737 करोड़ रुपये का ऋण मिलेगा। वहीं, प्रदेश सरकार 1166 करोड़ करोड़ रुपये व्यय करेगी। ऋण वापसी अवधि 35 वर्ष की होगी और इस पर महज 1.23 प्रतिशत का ब्याज देय होगा।

## कबाड़ी और मोबाईल दुकानदार बच्चो का गिरोह बनाकर, बंद मकानों में करवाते थे चोरी

पांच बाल अपचारी समेत कबाड़ी और मोबाईल दुकानदार गिरफ्तार

बड़ी मात्रा में लाखो रुपए के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, लोहे व स्टील का सामान बरामद

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। आशियाना कोतवाली क्षेत्र में बीती दिनों एक मकान की ग्रिल तोड़कर लाखो रुपए कीमत का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य सामान चोरी के मामले में दर्ज मुकदमे में आशियाना पुलिस ने पांच बाल अपचारी समेत चोरी का माल खरीदने वाले दो व्यापारियों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया है।बाल अपचारियों की निशानदेही पर दोनों व्यापारियों के पास से लाखो रुपए का चोरी का माल बरामद हुआ है।पुलिस उपायुक्त पूर्वी शशांक सिंह ने आशियाना क्षेत्र में हुई चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि शारदा नगर, रतन खंड निवासी शिशिर शर्मा का एक मकान औरंगाबाद जागीर में है। जिसमे कई इलेक्ट्रॉनिक महंगे उपकरण एलईडी टीवी, कई कंप्यूटर, दो महंगे कैमरे कई मॉडम आदि सामान चोरी होने के मामले में पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर पांच बाल अपचारियों के गिरोह को सेक्टर ओ मानसरोवर योजना कब्रिस्तान के पीछे से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। तो नाबालिकों ने चोरी के जुर्म को स्वीकार करते हुए कबूल किया कि उन लोगो ने चोरी के सामान को कबाड़ी का काम करने वाले लियाकत अली निवासी औरंगाबाद खालसा थाना आशियाना व मोबाईल दुकानदार बॉबी रावत निवासी औरंगाबाद खालसा थाना आशियाना लखनऊ को बेचने की बात को स्वीकार किया।जिस पर पुलिस टीम द्वारा दोनों व्यापारियों के यहाँ दबिश दे चोरी का माल बरामद कर दोनों व्यापारियों को गिरफ्तार कर लिया गया।सभी बाल अपचारियों को बाल सुधार गृह भेज, दोनों व्यापारियों को जेल भेज दिया गया है।

# सीमा सुरक्षा बल ने गांधी जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम स्वच्छता अभियान का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज लखनऊ, रानीखेड़ा एस डी वी अकेडमी वा 11वी वाहिनी सीमा सुरक्षा बल जैतीखेड़ा लखनऊ ने 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर दिन मंगलवार को स्वच्छता सर्वप्रथम अभियान का शुभारंभ किया गया तदोपरांत कैम्पस व आस -पास के इलाके की साफ सफाई के माध्यम से एसडीवी अकेडमी बच्चों वा टीचर्स सहित सभी लोगो को जागरूक करने का कार्य किया जिसमें स्वच्छता के प्रति स्वयं की जागरूकता के अलावा दुसरो को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित कर अभियान से जुड़ने व अपने दैनिक जीवन मे चरितार्थ करने पर जोर दिया गया जिसमें सम्पूर्ण भारत को स्वच्छ बनाने की परिकल्पना को साकार किया जा सके वही स्वच्छता जागरूकता अभियान में संजीव असिस्टेंट कमांडेंट 11वी वाहिनी व 11वाहिनी के इस्पेक्टर पुनीत कुमार प्रधान लवकुश यादवप्रबंधक मण्डल अध्यक्ष लखनऊ मण्डल उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ के कुशल नेतृत्व में चलाया गया 11 वाहिनी के सभी जवानों सहित सभी लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिसा लिया और लोगो मे स्वच्छता की अलख जगाई

# यूपी में किसानों की आय में होगा इजाफा

हर जिले में विकसित किए जाएंगे इको-टूरिज्म स्थल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश के हर जिले में कम से कम एक-एक ईको पर्यटन स्थलों को विकसित किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग ने जनसहभागिता के जरिए ईको पर्यटन स्थलों को विकसित करने की योजना तैयार की है। साथ ही प्रदेश में कृषि वन को बढ़ावा देने के लिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को जागरूक किया जाएगा, जिससे उनकी आय में भी बढ़ोत्तरी होगी। मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा.अरुण कुमार सक्सेना ने वानिकी नववर्ष का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा वन विभाग नई परियोजनाओं पर पहली अक्टूबर से काम शुरू करता है। इसलिए उत्तर प्रदेश में पहली बार पिछले वर्ष से वानिकी नववर्ष की परंपरा शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने व पर्यावरण संरक्षण के लिए कृषि वनों को बढ़ाने की योजना पर भी काम किया जा रहा है। इसके तहत किसान खेतों के किनारे पौधे लगाकर कमाई कर रहे हैं। इस योजना को लेकर जल्द ही सर्वेक्षण शुरू करवाया जाएगा।

### गोरखपुर में वानिकी विश्वविद्यालय खोलने की तैयारी

उन्होंने कहा कि गोरखपुर में जल्द ही वानिकी विश्वविद्यालय खोलने की तैयारी की जा रही है। एक दिन में 36.50 पौधे लगाकर उत्तर प्रदेश ने रिकार्ड बनाया है। अब जरूरत है इन पौधों को बचाने की। उन्होंने कहा कि पहली बार पौधे लगाने के साथ-साथ पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ अभियान शुरू किया गया है।

# टॉफी दिलाने के बहाने मासूम को किया अगवा, मां के पहुंचने पर भागा आरोपी

रहीमाबाद पुलिस ने मां की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को लिया हिरासत में

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। एक गांव में घर के बाहर बहन के साथ खेल रही चार वर्षीय मासूम को युवक ने टॉफी दिलाने के बहाने अगवा कर खेत में ले गया। बहन के शोर मचाने पर मां और ग्रामीण मदद के लिए दौड़े इस बीच आरोपी मौके से भाग निकला। पीड़िता की मां ने थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार शाम करीब साढ़े 6 बजे अपनी बड़ी बहन के साथ घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची को उसी गांव निवासी सुनील ने गलत नियत से मासूम को टॉफी दिलाने के बहाने अगवा कर भागा कुछ दूरी पर उसकी बड़ी बहन ने आरोपी को देखा तो उसे शक हुआ। उसने बहन को लेने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी उसे धक्का मारकर मासूम को गोद में उठाकर खेतों में घुस गया। बहन ने घर पहुंचकर मां को घटना की पूरी बात बताई। यह बात सुन कर मां नंगे पांव ही दौड़ पड़ी। उसके पीछे ग्रामीण भी खेत की तरफ भागे हल्ला होने पर युवक को पकड़े जाने का अंदेशा हुआ। ऐसे में मासूम को खेत में छोड़ कर आरोपी भाग निकला। महिला ने आरोप लगाया है कि गलत हरकत की नियत से सुनील उनकी बेटी को ले गया था। उन्होंने मंगलवार को रहीमाबाद थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज लखनऊ, निगोहां थाना में कोर्ट से जारी एन.बी.डब्लू में पाक्सो एक्ट के वारंटी को निगोहां पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि मा० न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न धाराओं से सम्बन्धित वांछित वारण्टी दुःखी लाल पुत्र स्व० राम आसरे गाँव जबाहरखेड़ा थाना निगोहाँ जनपद लखनऊ का निवासी है इनकी उम्र करीब 33 वर्ष व दुःखी लाल पुत्र स्व० राम आसरे का विभिन्न धाराओं में थाना निगोहाँ जनपद लखनऊ में आपराधिक इतिहास है की तलाश में पुलिस टीम ने वारण्टी के घर पर दबिश दी तो वांछित वारण्टी दुःखी लाल अपने घर पर मौजूद मिला जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा वारण्टी उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए नियमानुसार पुलिस हिरासत में लेकर वारण्टी दुःखी लाल पर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजे जाने की कार्यवाही की गईं।

# लखनऊ में फोर लेन आउटर रिंग रोड का निर्माण कराएगी योगी सरकार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार लखनऊ में फोर लेन आउटर रिंग रोड के निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। सीएम योगी के विजन अनुसार, लखनऊ के रैथा अंडरपास से लेकर पीएम मित्र पार्क (टेक्सटाइल पार्क) तक 14.28 किमी क्षेत्र की सड़क को फोर लेन किया जाएगा। वहीं, आईआईएम से आउटर रिंग रोड स्थित रैथा अंडरपास के कायाकल्प को भी इस परियोजना के अंतर्गत पूरा किया जाएगा। इस प्रक्रिया में 8.4 किमी तक सड़क का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कर इसे दो लेन का किया जाएगा। फोर लेन व डबल लेन संबंधी इन दोनों प्रक्रियाओं को 139.56 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। योगी सरकार द्वारा इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए धनराशि अवमुक्त करने के साथ ही विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इन कार्यों को लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रमुख अभियंता (विकास) व विभागाध्यक्ष की देखरेख में पूरा किया जाएगा।

### एक लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा मेगा टेक्सटाइल पार्क

लखनऊ के रैथा अंडरपास से लेकर पीएम मित्र पार्क तक 14.28 किमी क्षेत्र की सड़क को फोर लेन किए जाने तथा आईआईएम से आउटर रिंग रोड स्थित रैथा अंडरपास के कायाकल्प से कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार होगा। इससे मेगा टेक्सटाइल पार्क के रूप में विकसित किए जा रहे पीएम मित्र पार्क को बड़े स्तर पर कनेक्टिविटी प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त होगा। उल्लेखनीय है कि परियोजना के अंतर्गत मलिहाबाद के अटारी गांव में विकसित किए जा रहे पीएम मित्र पार्क को पीपीपी पार्टनरशिप के जरिए विकसित किया जा रहा है। इस मेगा टेक्सटाइल पार्क की शुरूआत से एक लाख लोगों को रोगजार मिलेगा।

### भविष्य की जरूरतों के अनुसार बढ़ाई जा रही कनेक्टिविटी

पूरे क्षेत्र को कनेक्टिविटी समेत भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विकसित किया जा रहा है। अटारी गांव एनएच-20 और एसएच-20 से लगभग 20 किलोमीटर दूर है। ये दोनों लखनऊ को सीतापुर व हरदोई से जोड़ने वाली चार लेन की सड़कें हैं। इसके अलावा कनेक्टिविटी के लिए छह लेन वाली 20 किलोमीटर लंबी आउटर रिंग रोड भी है। पार्क के लिए रेल कनेक्टिविटी भी बेहतर है। पार्क के लिए चिह्नित स्थान से मलिहाबाद रेलवे स्टेशन महज 16 किलोमीटर दूर है जबकि लखनऊ रेलवे स्टेशन 40 किलोमीटर की दूरी पर है। इसके अलावा, लखनऊ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पार्क 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसके अतिरिक्त, कानपुर नोड पर समर्पित फ्रेट कॉरिडोर 95 किलोमीटर और अंतर्देशीय कंटेनर डिपो कानपुर में 111 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

### यूपी में बच्चों को मिलने वाली है स्कॉलरशिप, सरकार ने पूरी कर ली तैयारी; फटाफट करें आवेदन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से सेंट्रल सेक्टर स्कीम आफ स्कालरशिप फार कालेज एंड यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स के तहत छात्रवृत्ति मिलेगी। यह छात्रवृत्ति वर्ष 2024 में इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले टाप 20 परसेंटाइल मेधावियों को दी जाएगी। राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त और वित्तविहीन विद्यालयों के छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। योजना के तहत विज्ञान, वाणिज्य और कला वर्ग के कुल 11,460 छात्रों को इसका लाभ मिलेगा, जिनमें से अधिकांश विज्ञान वर्ग के होंगे, इसके बाद वाणिज्य और मानविकी वर्ग के छात्र आएंगे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान संबंधी जागरूकता रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दृष्टिगत आज संचारी रोग नियंत्रण अभियान संबंधी रैली को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने अम्बेडकर पार्क से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जागरूकता रैली दीक्षित चौराहा, रमेड़ी, विद्यामंदिर, गौशाला होते हुए रमेड़ी संकुल स्कूल में सम्पन्न हुई। रमेड़ी संकुल स्कूल में सीएमओ डा. गीतम सिंह ने संचारी रोग नियंत्रण में योगदान देने की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने गांव, ब्लॉक, जनपद और देश को रोग मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्धता की एवं व्यक्तिगत साफ सफाई का ध्यान रखने, अपने घर के आस-पास सफाई रखने, अपने गांव और मोहल्ले के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा समुदाय को साफ सफाई और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने, संचारी रोगों से लड़ाई में हर संभव प्रयास कर अपने परिवार और समुदाय को संचारी रोगों से दूर रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने गांव अथवा अपने आसपास के क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित होगा तो उसके परिवार को तुरंत इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करने की भी शपथ दिलाई। ज्ञात हो कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत पूरे माह अक्टूबर भर नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं सैनिटाइजेशन, एंटी लारवा छिड़काव, फागिंग का विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, जिला मलेरिया अधिकारी राजेंद्र कुमार यादव, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## जिला जज ने स्वच्छता रैली को दिखाई हरी झंडी, स्वच्छता के लिए किया प्रेरित

अमन लेखनी समाचार

लखीमपुर खीरी। मा. उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर ₹17 सितंबर से 02 अक्टूबर₹ तक चल रहे वार्षिक पखवाड़ा 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत मंगलवार को प्रातः 10 बजे से दीवानी न्यायालय में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लक्ष्मी कान्त शुक्ल ने स्वच्छता रैली हेतु जनपद के राजकीय इण्टर कालेज के उपस्थित छात्रों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

# नवरात्रि, दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नवरात्रि, दशहरा पर्व से संबंधित जुलूस, मूर्ति स्थापना व अन्य कार्यक्रम परंपरागत ढंग से शांतिपूर्ण तरीके से भाईचारे के साथ आयोजित किए जाएं। पांडालो में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाए जाएं। पांडाल में आग से रोकथाम के प्रबंध रखे जाए। पांडालों के आसपास तथा अन्य स्थलों पर जर्जर विद्युत तारों को दुरुस्त किया जाए। विसर्जन स्थल पर पर्याप्त बैरिकेड किया जाए तथा वहां पर गोताखोर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डीजे में किसी भी प्रकार से धार्मिक उन्माद फैलाने वाले अथवा फूहड़ संगीत ना बजे। रात्रि में किसी भी दशा में विद्युत कटौती न हो। जमीन में रखे ट्रांसफार्मर को अच्छे ढंग से बैरिकेड कर दिए जाएं। आबादी क्षेत्र में पटाखे की दुकान नहीं होनी चाहिए। किसी भी दशा में मूर्तियां नदियों में नहीं विसर्जित हो यह सुनिश्चित किया जाए। हर्ष फायरिंग किसी भी दशा में ना होने पाय, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम व सीओ तथा अन्य संबंधित अधिकारी जहां पूर्व में किसी भी प्रकार की घटना घटित हुई है वहां पर विशेष ध्यान दें। आयोजकों द्वारा कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व जिला प्रशासन से अनुमति अवश्य ली जाए। कहा कि त्यौहारों में कोई भी नई परंपरा ना डाली जाए। मूर्ति विसर्जन स्थल पर पहले से ही पर्याप्त गड्ढा व पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही ना बरती जाए। जुलूस के मार्ग, विसर्जन स्थल आदि का सभी एसडीएम, सीओ, एसएचओ द्वारा निरीक्षण कर लिया जाए। जुलूस, शोभायात्रा, मूर्ति विसर्जन का कार्य परंपरागत ढंग व पूर्व निर्धारित स्थलों में आयोजित किया जाए। त्यौहारों के मौके पर साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए। जो मूर्तियां /पंडाल स्थापित हैं तथा विसर्जन स्थल चिन्हित हैं उन सभी की सूची संबंधित थाने में उपलब्ध होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहारों के दृष्टिगत पेयजल, विद्युत व सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाए। धार्मिक आयोजनों, जुलूस, पंडाल, मूर्ति विसर्जन इत्यादि अवसर पर नशा/ शराब का सेवन पूर्णतया प्रतिबंधित है। ऐसे अवसरों पर शराब पीकर अराजकता फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह ना फैलायी जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के धार्मिक आयोजन और जुलूस एवं मूर्ति स्थापना हेतु संबंधित थाने तथा एसडीएम से अनुमति अनिवार्य रूप से ली जाए। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व, एडीएम नमामि गंगे, अपर पुलिस अधीक्षक, सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी, सभी एस एच ओ तथा पीस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने स्वयं रक्तदान कर रक्तदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। आज राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जिला पुरुष अस्पताल में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में जाकर स्वयं रक्तदान कर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। रक्तदान दिवस के इस मौके पर जिलाधिकारी ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को रक्तदान जैसे शुभ कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर प्रोत्साहित होकर अन्य लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर रक्तदान करने वाले लोगों का जिलाधिकारी ने आभार प्रकट किया तथा कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है यह महादान है। इससे विपरीत परिस्थितियों में लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। ब्लड डोनेशन कैंप में अधिक से अधिक लोगों द्वारा प्रतिभाग कर ब्लड डोनेट करना चाहिए इससे सड़क दुर्घटनाओं/अन्य दुर्घटनाओं में



घायलों/ गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों/ अन्य जरूरत मंद लोगों के उपचार हेतु आसानी से ब्लड उपलब्ध हो पाता है जिससे उनका इलाज संभव हो पाता है। जिससे उनकी जान बचाने में मदद मिलती है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने रक्तदान करने वाले सभी लोगों को रक्तदाता प्रमाण पत्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# किसान की बाघ के हमले में मौत

### बाघ ने किया हमला, गन्ने के खेत में मिल किसान का शव

अमन लेखनी समाचार



लखीमपुर (खीरी)। मोहम्मदी रेंज के अन्तर्गत बेलापहाड़ा बीट के निकट एक व्यक्ति पर वन्यजीव द्वारा हमला कर मार देने की सूचना प्राप्त हुयी। सूचना पर वनकर्मी घटना स्थल पर पहुंचे। सूचना में बताये गये स्थल की सघन कॉम्बिंग की गयी। कॉम्बिंग के दौरान मृतक की चप्पल एवं हंसिया बरामद हुआ। निशानदेही पर की गयी छानबीन के उपरान्त व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शिनाख्त में मृतक की पहचान श्री प्रभुदयाल पुत्र रामस्वरूप निवासी शाहपुर राजा जनपद खीरी के नाम से हुयी। वनकर्मियों की उपस्थिति में पुलिस द्वारा शव का पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। तत्पश्चात ग्रामीणों को सर्तक करते हुये वन्यजीव की उपस्थिति का आंकलन करने हेतु सघन छानबीन की गयी। कॉम्बिंग के दौरान मिले पगमार्क से क्षेत्र में तेन्दुआ के उपस्थित होने की संभावना जताई जा रही है। शव के पोस्टमार्टम से मृत्यु के कारको की पहचान की जा सकेगी। घटना स्थल बेलापहाड़ां आरक्षित वन से लगभग एक कि0मी0 की दूरी पर स्थित है। घटना स्थल गन्ने का खेत था जिसका स्वामित्व श्रीमती जसविंदर कौर पत्नी दिलीप सिंह निवासी नयागांव थाना मोहम्मदी जिला का था। उक्त क्षेत्र वन क्षेत्र से निकट होने के कारण क्षेत्र में वन्यजीवो का आवागमन बना रहता है। वन्यजीव एवं जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत क्षेत्र में वनकर्मियों की टीमों को तैनात कर दिया गया है। टीम वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र की गश्त के साथ स्थानीय निवासियों को जागरूक करने का कार्य करेंगी। इमलिया, घरथनियां आदि बाघ प्रभावित स्थल से यह स्थल लगभग 20 कि0मी0 से ज्यादा दूरी पर स्थित है। वहीं बाघ प्रभावित क्षेत्र ग्राम घरथनियां बघेल, हरैया, इमलिया, मूड़ा अस्सी, मूडा जवाहर, बघमरा, पिपरा रायपुर मड़िया जवाहर में भी कांम्बिंग करायी जा रही है। कॉम्बिंग में थर्मल ड्रोन की सहायता ली जा रही है। बाघ को पुनः लोकलाइज करने का प्रयास किया जा रहा है। रेस्क्यू करने हेतु डा0 दीपक कुमार, पशु चिकित्सक कर्तनियाघाट वन्यजीव प्रभाग एवं डा0 दया शंकर, पशुचिकित्सक अपनी टीम के साथ क्षेत्र में उपस्थित हैं। मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के दृष्टिगत बाघ प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वन्यजीव के गन्ने के खेतों में छुपे होने की संभावना होने पर वन विभाग की टीमें निरंतर गश्त कर रहीं हैं साथ ही खेतो पर समूह बनाकर जाने की सलाह दी जा रही है।

## श्रीमत भागवत कथा का हुआ समापन, उमड़ी भक्तों की भीड़

### 108 कन्याओं के बाद शुरू हुआ भोज भंडारा।

अमन लेखनी समाचार

लखीमपुर (खीरी):-थाना मोहम्मदी की पुलिस चौकी रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्रंट साहबगंज के मजरा गांव दिस्तापुर में देवस्थान मंदिर पर श्री भूमिहार बाबा मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का सातवें दिन मंगलवार को समापन हुआ। वहीं साथ ही साथ दिन भर भण्डारें में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु ने प्रसाद ग्रहण किया प्रसाद में पूडी, सब्जी, खीर ग्रहण करने के उपरांत कथा का? भक्तजनों ने भी आनंद लिया। और कथा में सनातन प्रेम महाराज जी ने राधा कृष्ण के वियोग पर प्रकाश डाला और कहा कि कृष्ण और राधा के प्रेम अनुकरण का स्मरण करने को कहा। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में भक्तिजन मौके पर मौजूद रहें। वहीं कथा वाचक सनातन प्रेम जी महाराज के द्वारा भक्ति के स्वरों को सुनने के लिए सैकड़ो की संख्या में भक्तिगण मौके पर मौजूद रहें। और अंकुल, कृष्णा, पिंकू, गुड्डू, परदेसी, पप्पू आदि गायक के सहयोग। इस कमेटी में रामप्रकाश यादव, संजय यादव, मनोज यादव, रवि यादव, अरुण यादव, अशोक यादव, आसाराम यादव, छोटेलाल यादव, आदेश यादव, मुकेश यादव, शिवम्यादव, सुधीर यादव व सैकड़ो की संख्या में भक्तगण मौके पर मौजूद रहें।

खास समाचार

## मौसम साफ होते ही वायरल बुखार का कहर बढ़ा

### मंगलवार को ओपीडी में हुआ 248 मरीजों का उपचार

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। मौसम में बदलाव आने से नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में मरीजों की भीड उमड़ पड़ी है। वायरल बुखार के मरीजों की संख्या सर्वाधिक थी। मंगलवार को 248 मरीजों का उपचार ओपीडी में किया गया?। चार दिन की बारिश के बाद मंगलवार को सुबह से आसमान बिल्कुल साफ नजर आया। सुबह से चटख धूप खिलने से किसानों के चेहरे चमकने लगे हैं। वहीं इस बदलाव से वायरल बुखार के मरीजों में जोरदार इजाफा हुआ है। सुबह ओपीडी खुलते ही मरीजों की भीड उमड़ पड़ी। मंगलवार को ओपीडी में 248 मरीजों का उपचार किया गया। ओपीडी में मौजूद चिकित्सक डा. तरुण पाल, डा. परवेज अहमद कादरी, डा. शमा परवीन, डा. विंदेश वर्मा ने बताया कि सर्वाधिक मरीज खांसी, जुखाम, बुखार के आ रहे हैं। मरीजों को उपचार के साथ खान-पान में सावधानी बरतने की सलाह भी दी जा रही है।

## मिट्टी हटाने के विवाद में हुई वृद्ध की हत्या का आरोपी हुआ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। पुलिस ने मंगलवार को पारा मोड़ से बिरखेरा गांव में गत 23 सितंबर को मिट्टी हटाने के विवाद में हुई वृद्ध के हत्यारोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। गत 23 सितंबर की सुबह बिरखेरा गांव में दरवाजे के सामने पड़ी मिट्टी हटाने को लेकर हुए विवाद में वृद्ध गोपी पाल 85 वर्ष को लाठियां से पीटकर लहुलुहान कर दिया गया था। गोपी ने उसी दिन दोपहर में सदर अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। मृतक के पुत्र ने गांव निवासी चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा कायम कराया था। पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी को आलाकत्ल लाठी के साथ घटना के दूसरे दिन ही गिरफ्तार किया था अब पुलिस ने हत्या के दूसरे आरोपी उदित नारायण को सुबह पारा मोड के पास से गिरफ्तार करके न्यायालय में प्रस्तुत किया है। यहां से उसे जिला जेल भेजा गया है। अभी दो नामजद आरोपी गांव से फरार है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

## यातायात प्रभारी ने सीज किए तीन ऑटो, 115 के काटे चालान

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। पुलिस के समझाने बुझाने के बाद भी रेलवे स्टेशन में जाकर सवारियां भरने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ मंगलवार को यातायात प्रभारी ने सघन अभियान चलाकर तीन ऑटो सीज किए और 115 वाहनों का चालान किया। इससे ऑटो चालकों में दिनभर हड़कंप मचा रहा। बता दें कि कुछ ऑटो चालक रेलवे स्टेशन पहुंचकर जबरिया सवारियां भरते हैं। इससे ई रिक्शा चालक परेशान होते हैं। इसको लेकर कई मर्तबा ऑटो चालकों एवं ई रिक्शा चालकों के मध्य विवाद भी हुआ है। पुलिस कई मर्तबा ऑटो चालकों को रेलवे स्टेशन जाकर सवारियां भरने से मना भी कर चुकी है। इसके बाद भी ऑटो चालक रेलवे स्टेशन पहुंचकर सवारियां भरते हैं। तीन दिन पूर्व इसी बात को लेकर ऑटो चालकों एवं ई रिक्शा चालकों में विवाद भी हुआ था। इससे स्टेशन मार्ग में जाम लग गया था। इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। सोमवार के अंक में खबर छपने के बाद मंगलवार को यातायात प्रभारी हरेंद्र सिंह ने कस्बे में सघन अभियान चलाकर तीन ऑटो सीज करके 115 का चालान किया है। इससे ऑटो चालकों में दिनभर हड़कंप मचा रहा। यातायात प्रभारी की इस कार्यवाही से ई-रिक्शा संघ ने राहत की सांस ली है।




## सम्पादकीय

# यूएन में कश्मीर पर तुर्किये के बदले रुख भारत की जीत

भारत ने एक बार फिर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाया है। इन दिनों विदेशमंत्री एस जयशंकर राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं। इस दौरान वे संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से मिले। जयशंकर ने पश्चिम एशिया व यूक्रेन संघर्ष का जिक्र किया और 15 सदस्यीय यूएन सुरक्षा परिषद (पांच स्थाई व दस अस्थाई सदस्य) में तत्काल सुधार की जरूरत पर बल दिया। एक दिन पहले ही फ्रांस ने यूएन सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता की दावेदारी का फिर से समर्थन किया है। पांच स्थाई सदस्य में से चार फ्रांस, अमेरिका, रूस व ब्रिटेन ने भारत का समर्थन किया है, भारत की दावेदारी को लेकर चीन का अड़ियल रुख रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता की दावेदारी पेश करने वाले ग्रुप-4 में भारत, जापान, जर्मनी व ब्राजील है। चूंकि वैश्विक भूराजनीतिक, सामरिक और व्यापारिक व्यवस्था 1945 से 2024 तक आते आते काफी बदल चुकी है, इसलिए संयुक्त राष्ट्र में भी संरचनात्मक बदलाव जरूरी है, अन्यथा यूएन अपनी प्रासंगिकता खो रहा है। संयुक्त राष्ट्र को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक एवं जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता है। 'ग्लोबल साउथ' समेत विश्व में भारत का प्रभाव कैसे बढ़ रहा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने साल 2019 में अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के बाद से पहली बार इस साल संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने संबोधन में कश्मीर का जिक्र नहीं किया। इससे पाकिस्तान व चीन को झटका लगा है। जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष दर्जा 2019 में वापस लिए जाने के बाद एर्दोआन ने हर साल यहां यूएनजीए सत्र में कश्मीर का उल्लेख किया था। तुर्किये के इस बदले रुख को भारत के वैश्विक प्रभाव व तेजी से बदल रहे भूराजनीतिक समीकरण के रूप में देखा जा सकता है। पाकिस्तान को छोड़ कर यूएनजीए के 193 सदस्यों में से किसी ने कश्मीर का ज़िक्र नहीं किया। दरअसल, तुर्किये ब्रिक्स में शामिल होना चाहता है, भारत ब्राजील, चीन, रूस के साथ संस्थापक सदस्य है, बाद में दक्षिण अफ्रीका शामिल हुआ था। तुर्किये अपनी अर्थव्यवस्था के विकास पर ध्यान दे रहा है, वह गंभीर मंदी की चपेट में है, इसलिए वह इससे निकलने के लिए ब्रिक्स में आना चाहता है, पर भारत को नाराज रखकर वह इसमें एंट्री नहीं कर सकता है। कश्मीर के चलते ही भारत व तुर्किये के संबंध खराब रहे हैं। दूसरी वजह भी है, राष्ट्रपति एर्दोआन पॉलिटिकल इस्लाम से दूरी बना रहे हैं, वे अपनी छवि प्रोग्रेसिव लीडर की बनाना चाहते हैं। सऊदी अरब, यूएई और मिस्त्र पॉलिटिकल इस्लाम का समर्थन नहीं करते हैं। अर्दोआन इन तीनों देशों से संबंध बढ़ा रहे हैं। ऐसे में उन्हें अपना रुख बदलना ही होगा। इसलिए अब एर्दोआन पॉलिटिकल इस्लाम के नज़रिए से क्षेत्रीय समस्याओं को नहीं देख रहे हैं। इसी साल जनवरी में ब्रिक्स में मिस्त्र, इथीयोपिया, ईरान और यूएई शामिल हुए थे. अगले महीने 22 से 24 अक्टूबर तक रूस में ब्रिक्स की सालाना समिट है और उम्मीद की जा रही है कि सभी सदस्य देश इसमें हिस्सा लेंगे। इस दौरान,तुर्किये भी ब्रिक्स का हिस्सा बनने की कोशिश करेगा। यूएन में कश्मीर पर पाक से अलाप मिलाने वाले तुर्किये के रुख में बदलाव एर्दोआन की मजबूरी के साथ भारत की कूटनीतिक जीत मानी जा सकती है।

# द्वंद्वात्मक भारत-अमेरिका संबंध



विश्लेषण

प्रभात कुमार रॉय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में तीन दिन की अमेरिका की यात्रा की। संयुक्त राष्ट्र के अधिवेशन को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि युद्धों से तनावपूर्ण दौर में वैश्विक शांति और सुरक्षा की खातिर हम सबको एक हो जाना चाहिए। भारत और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक संबंध के द्वंद्वात्मक पहलू हैं। मोदी की कूटनीतिक यात्रा से केवल दो दिन पूर्व ही अमेरिकन प्रशासन ने भारत विरोधी रुख का परिचय दे दिया। अमेरिका ने स्वयं आतंकवाद का शिकार होने के बावजूद बिन लादेन, अल जवाहिरी जैसे जिहादी सरगनाओं को पाला पोसा और अब वह पन्नू जैसे आतंकियों को शरण देकर वैश्विक आतंकवाद का परिपोषण कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका की यात्रा की। इस तीन दिवसीय यात्रा में मोदी ने अमेरिका के विलमिंगटन में क्वॉड शिखर वार्ता में शिरकत की। संयुक्त राष्ट्र के अधिवेशन को संबोधित किया। अमेरिका में रहने वाले प्रवासी भारतीयों के साथ मुलाकात की। संयुक्त राष्ट्र के अधिवेशन को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि युद्धों से तनावपूर्ण दौर में वैश्विक शांति और सुरक्षा की खातिर हम सबको एक हो जाना चाहिए। मोदी ने आतंकवाद को वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा करार दिया। खतरनाक साइबर चुनौतियों की तरफ भी संयुक्त राष्ट्र का ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने कहा कि हम जो वैश्विक कार्रवाई करते हैं, उसके तहत राष्ट्रीय अखंडता और राष्ट्रीय संप्रभुता अक्षुण्ण बनाए रखी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के लिए वन अर्थ, वन फैमिली और वन फ्यूचर एक समर्पण का सिद्धांत है और दुनिया की समृद्धि और शांति के लिए मन, वाणी और कर्म से भारत निरंतर काम करता रहेगा।

भारत और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक संबंध के द्वंद्वात्मक पहलू हैं। ऐतिहासिक तौर पर नजर डालें तो आजादी हासिल होने के वक्त से ही भारत और अमेरिका के मध्य में गहन कूटनीतिक अंतर्विरोधों का सिलसिला चलता रहा है। कश्मीर विवाद पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका की कयादत में पश्चिमी देशों ने कश्मीर में सैन्य दखलअंदाजी का तीन दफा प्रस्ताव पेश किया था। इन प्रस्तावों को तत्कालीन सोवियत यूनियन ने तीन बार वीटो किया था। कोल्ड वॉर का दौर शुरू हो चुका था और भारत ने गुटनिरपेक्षता की नीति अपनाई, जिसके कारण अमेरिका कदापि भारत के प्रति गहन मित्रता का भाव नहीं रख सका। पंडित नेहरू के समाजवादी रुझान के कारण भारत की बहुत गहरी दोस्ती सोवियत यूनियन के साथ हो गई। अमेरिका सदैव भारत के प्रति सशंकित बना रहा। भारत और पाकिस्तान के मध्य कश्मीर विवाद में उसने सदैव पाकिस्तान का पक्ष लिया। यहां तक कि अमेरिका के नेतृत्व में पाकिस्तान को सेंटो सैन्य संगठन का सदस्य भी बनाया गया। बांग्लादेश युद्ध में अमेरिका ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया और अपने सातवें नेवल फ्लीट को हिंद महासागर में भेजा। भारत को खंडित करने की साजिशों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा। पंजाब के खालिस्तान आतंकवाद से लेकर कश्मीर के जेहादी आतंकवाद तक अमेरिका ने पाकिस्तान का साथ दिया। यहां तक कि कश्मीर के जिहादी आतंकवाद को अमेरिकन कूटनीतिज्ञों ने जंगे आजादी करार दिया। न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर 9/11 को अंजाम दिए गए नृशंस जेहादी आक्रमण ने अमेरिका के कूटनीतिक रुख को एकदम बदल कर रख दिया। 21वीं शताब्दी की शुरुआत में भारत और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक दोस्ती की निर्णायक शुरूआत हुई। 21 सितंबर से प्रारंभ हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक यात्रा से केवल दो दिन पूर्व ही अमेरिकन प्रशासन ने भारत विरोधी रुख का परिचय दे दिया। भारत द्वारा झेले गए खालिस्तानी आतंकवाद के नृशंस दौर को विस्मृत करके 19 सितंबर



को अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों ने खालिस्तानी सरगनाओं से बाकायदा मुलाकात की। खालिस्तानी सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का इल्जाम भारत पर लगाया जा रहा है। अमेरिकन प्रशासन चाहता है कि भारत इस मामले की जांच पड़ताल में उसकी मदद करें। अमेरिकी प्रशासन भारत के इस साजिश में शामिल होने की जांच कर रहा है। गुरपतवंत पन्नू ने अपनी हत्या की साजिश को लेकर न्यूयॉर्क की अदालत में एक याचिका दायर की है। इस याचिका का संज्ञान लेकर हाल में न्यूयॉर्क की अदालत ने भारत के अनेक शीर्ष अधिकारियों को समन भी जारी किया है। इस अदालती समन में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, निखिल गुप्ता, रॉ के पूर्व चीफ सामंत गोयल जैसे अनेक शीर्ष भारतीय अधिकारियों के नाम शामिल हैं। अदालत ने इस मामले में 21 दिनों का वक्त प्रदान किया है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि यह मामला हमारे संज्ञान में लाया गया है और हमने एक्शन भी ले लिया है और एक जांच कमेटी भारत द्वारा बनाई गई है। यक्ष प्रश्न है कि क्या न्यूयॉर्क अदालत के समन के कारण अजीत डोभाल नरेंद्र मोदी के साथ इस दफा अमेरिका की यात्रा पर नहीं गए? कहीं भारत सरकार को अंदेशा तो नहीं था कि डोभाल को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया जाएगा? अमेरिका के खालिस्तानी सरगनाओं को शरण और समर्थन देने से और उसके भारत विरोधी रुख के कारण क्या यह आशंका वास्तविक सिद्ध हो सकती थी? उल्लेखनीय है कि अमेरिका की अदालतों द्वारा इस तरह के समन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और कमलनाथ को भी भेजे गए थे। 2002 के गुजरात दंगों के मामलों में ऐसे अमेरिकी अदालती समन मोदी के नाम पर भी भेजे गए थे। अमेरिकी अदालतों की ये समस्त कारवाइयां वस्तुतः अमेरिकी प्रशासन के भारत विरोधी नजरिए को प्रतिबिंबित करती रही हैं। अमेरिकन हुकूमत इन दिनों भारत के प्रति काफी नाराज है, क्योंकि अमेरिका द्वारा रूस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों का पालन करने से भारत ने स्पष्ट इनकार कर दिया। अमेरिका के आर्थिक प्रतिबंधों का खुला उल्लंघन करते हुए भारत बड़ी मात्रा में रूस से तेल खरीद रहा है तथा आधुनिकतम हथियार खरीद रहा है। भारत की संतुलित गुटनिरपेक्ष नीतियां कभी भी अमेरिका को रास नहीं आई। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के जानकार यह सवाल करते हैं कि भारत विरोधी इन कार्रवाइयों से आखिर अमेरिका क्या हासिल करना चाहता है। खालिस्तानी आतंकवादी भारत की संप्रभुता और अखंडता के विरुद्ध सक्रिय रूप से साजिश कर रहे हैं। आखिरकार बर्बर खालिस्तानी आतंकवादियों का हौसला अमेरिका क्यों बढ़ा रहा है? अगर व्हाइट हाउस अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं करता तो फिर यह भारत के लिए बहुत बड़ा कूटनीतिक झटका है। वस्तुत अमेरिकी प्रशासन भारत के विरुद्ध सिख आतंकवादियों के कार्ड इस्तेमाल करके कूटनीतिक फायदा उठाना चाहता है। अमेरिका का कूटनीतिक इतिहास रहा है वह अपने तत्काल फायदे के लिए खूंखार जिहादियों को और बर्बर खालिस्तानी आतंकवादियों को भारत के विरुद्ध समर्थन और परिपोषण प्रदान करता रहा है। इतिहास साक्षी है कि भारत ने 13 वर्षों के निरंतर संग्राम के बाद खालिस्तानी आतंकवादियों को पंजाब की धरती से मिटा दिया था। अब ये खालिस्तानी सरगना विदेशी धरती से भारत को खंडित करने के लिए साजिशों में लिप्त रहे हैं। वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध निरंतर उद्घोषणा करने वाले अमेरिका के लिए बड़ा शर्मनाक कारनामा है कि उसके प्रशासन ने स्वयं आतंकवाद का शिकार होने के बावजूद ओसामा बिन लादेन, अल जवाहिरी और अल बगदादी जैसे जिहादी सरगनाओं को पाला पोसा और परवान चढ़ाया और अब वह गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे खालिस्तानी वैश्विक आतंकवादियों को शरण देकर वैश्विक आतंकवाद का परिपोषण कर रहा है।

## सारा संसार



पंचमुखी अंजनि मंदिर तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में स्थित भगवान हनुमान को समर्पित मंदिर है। इस मंदिर में भगवान हनुमान के पांच मुखों की प्रतिमा स्थापित है। हनुमान जी की पांच मुखों वाली 40 फीट ऊँची प्रतिमा हरे रंग के ग्रेनाइट पत्थरों से बनी हुई है।

## सात्विक दानः करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल!



संकलित

दर्शन

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है।राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।

## बहरूपियों से हमेशा सतर्क एवं सावधान रहें



संकलित

प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।



शुभांगी उपाध्याय

# भगत सिंह से प्रेरणा लें युवा

संपदि यस्य न हर्षो विपदि विषादो रणे न भीरुत्वम। तं भुवन त्रयतिलकं जनयति जननी सुतं विरलम।। अर्थात जिसको सुख सम्पत्ति में प्रसन्नता न हो, संकट विपत्ति में दुःख न हो, युद्ध में भय अथवा कायरता न हो, तीनों लोकों में महान ऐसे किसी पुत्र को माता कभी-कभी ही जन्म देती है। भारत माता का ऐसा ही सपूत था सरदार भगत सिंह। 28 सितंबर 1907, पंजाब के जिला लायलपुर, बंगा गांव (वर्तमान पाकिस्तान) में एक राष्ट्रभक्त सिख परिवार में उत्कृष्ट देशभक्त भगत सिंह के रूप में वीर बालक का जन्म हुआ, जिन्होंने न केवल भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई अपितु मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर 23 मार्च 1931 को मात्र 23 वर्ष 6 माह की अल्पायु में ही शहीद हो गए। भगत सिंह के इस महान बलिदान ने देश के जन मानस में आजादी की ऐसी तड़प पैदा कर दी, कि देश का हर व्यक्ति आजादी की लड़ाई के लिए स्वेच्छा से आगे आने लगा। 'इंकलाब ज़िंदाबाद'रूपी ऊर्जावान उद्‌घोष के जनक ने अपने एक पत्र में क्रांति के प्रति अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट किया था, 'क्रांति का अर्थ अनिवार्य रूप से स्वतंत्र आंदोलन नहीं होता है, विद्रोह को क्रांति नहीं कहा जा सकता यद्यपि यह हो सकता है कि विद्रोह का अंतिम परिणाम क्रांति हो।' यदि सरदार भगत सिंह चाहते तो कभी भी अंग्रेजों के हाथ न आते, परन्तु आजादी के मतवाले ने पूर्व नियोजित योजना के प्रतिकूल, राष्ट्रहित में स्वयं को उत्सर्ग करना ही श्रेयस्कर समझा। उन्होंने अंग्रेजों के अमानुषिक अत्याचार सहे, किन्तु न धन का लोभ, न परिवार का मोह ही उन्हें कभी अपने लक्ष्य से डिगा पाया। आज का युवा वर्ग जो छोटी से छोटी समस्याओं में भी हताश हो जाता है, मनोविकार से घिर जाता, जिसे थोड़े से संघर्ष से डिप्रेशन होने लगता है, उस युवा वर्ग को भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने अपने एक पत्र में लिखा था, "जो नौजवान दुनिया में तरक्की करना चाहते हैं, उन्हें वर्तमान युग में महान और उच्च विचारों का अध्ययन करना चाहिए( भगत सिंह के संपूर्ण दस्तावेज, अराजकतावाद-1)। यह जेल के इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना है। यद्यपि अनशन पर गांधीजी की सत्ता स्वीकारी जाती है तथापि भगत सिंह ने भी जेल में निरंतर 63 दिनों तक अनशन किया था। उन्हें असेंबली बम कांड में आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई गई। जेल में उन्हें बहुत खराब भोजन दिया जाता था। भगत सिंह के अलावा भी अनगिनत देशभक्तों ने अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए प्राणों की आहुति दी। उन पूज्य हूतात्माओं के बलिदान का ही परिणाम है कि हम स्वतंत्र संवैधानिक राष्ट्र में श्वास ले पा रहे हैं, परन्तु आज के आधुनिक दौर में उनके महत्वपूर्ण बलिदानों का मोल समझ पाने में असमर्थ सिद्ध हो रहे हैं। आधुनिक समाज परिवर्तनशील है।



## अंतर्मन




## आज की पाती

### पर्यटन को और बढ़ावा देने की जरूरत

संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यटन दिवस मनाने की घोषणा सन 1980 में की थी। पहला विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर, सन 1980 को मनाया गया था। इस वर्ष के पर्यटन दिवस का थीम है- पर्यटन और शांति। जहां शांति होती है, वहीं ज्यादातर देश-विदेशों के पर्यटक आते हैं। हिमाचल प्रदेश तो पर्यटन के नजरिये से विश्व भर में मशहूर है। यह देवभूमि भी है। यहां वर्ष भर पर्यटकों को तांता लगा रहता है। शिमला, डलहौजी, कुल्लू-मनाली या फिर हो धर्मशाला-मैकलोडगंज, प्रदेश के पर्यटन के मुख्य केंद्र हैं। ऐसे ही बहुत से क्षेत्र उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, गोवा आदि हैं। देश के बहुत से दूसरे राज्यों में भी देश-विदेश के पर्यटक देश की प्राकृतिक शोभा का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटक स्थलों पर आते रहते हैं। - **प्रदीप पटेल**, अंबिकापुर

## ट्रेंड

### कार्यबल मजबूत करेगी सरकार

कार्यबल को सशक्त बनाना, नौकरी के नए अवसर पैदा करना! श्रम बल भागीदारी दर में उल्लेखनीय उछाल देखा गया है, जो 2017-18 में 49.8% से बढ़कर 2023-24 में 60.1% हो गया है। मोदी की सरकार हमारे कार्यबल को मजबूत करेगी।

**-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री**



### नौकरियां छीन ली

जम्मू-कश्मीर के एक युवा स्टार्टअप मालिक की आंखों में निराशा भारत के अधिकांश उद्यमियों और छोटे-व्यवसाय मालिकों के संघर्ष को दर्शाती है। 'मोदी जी के एकाधिकार मॉडल' ने नौकरियां छीन ली हैं, एमएसएमई को तबाह कर दिया।

**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**



### बेशर्मी की सारी हदें पार

बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी। केजरीवाल जी, जिस गुंडे ने मुझे आपके निवास पर आपकी मौजूदगी में मारा, जब तक वो जेल में था, आपने वकीलों की फौज उसे बचाने के लिए खड़ी की, आज जब वो शर्तिया बेल पर बाहर है, कह रहे हैं कि वो फ़र्जी केस में जेल में डाला गया है।

**-स्वाति मालीवाल, डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष**



### तेल का बाज़ार सबसे बड़ा

क्या आप जानते हैं कि तेल का बाज़ार दस सबसे बड़ी धातुओं के कुल बाज़ार से भी बड़ा है? दरअसल, यह सोने से 10 गुना बड़ा है। यह आकर्षक चार्ट तेल के निरंतर महत्व को दर्शाता है, भले ही दुनिया ऊर्जा परिवर्तन के दौर में है।

**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**



## करंट अफेयर

# मेरा 'भारत को बाहर करने' का एजेंडा नहीं रहा : मुइज्जू

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने 'भारत को बाहर करने'' (इंडिया आउट) के किसी भी एजेंडे से इनकार करते हुए कहा कि उनके राष्ट्र में विदेशी सेना की उपस्थिति द्वीपीय देश के लिए एक 'गंभीर समस्या' थी ।संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंचे मुइज्जू ने बृहस्पतिवार को प्रिंसटन विश्वविद्यालय के कार्यक्रम 'डीन्स लीडरशिप सीरीज' में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। मालदीव के समाचार पोर्टल 'अधाधू डॉट कॉम' ने उनके हवाले से कहा, 'हम किसी भी समय, किसी भी देश के खिलाफ कभी नहीं रहे। यह भारत को बाहर करना (इंडिया आउट) नहीं है।



## ऑफ बीट

# वजन प्रबंधन: फाइबर शरीर का प्राकृतिक मार्गदर्शक

फाइबर स्वस्थ वजन प्रबंधन की कुंजी हो सकता है – और जब आप इसे संपूर्ण खाद्य पदार्थों के रूप में खाते हैं तो प्रकृति इसे कार्ब्स के साथ पूरी तरह से संतुलित अनुपात में रखती है। असंसाधित फल, सब्जियाँ, साबुत अनाज, फलियाँ, मेवे और बीज की बात करें। शोध से पता चलता है कि कार्बोहाइड्रेट को कुल कार्बोहाइड्रेट और फाइबर के प्रकृति–संतुलित अनुपात में पैक किया जाता है। वास्तव में, कुछ प्रकार के फाइबर प्रभावित करते हैं कि आपका शरीर कार्बोहाइड्रेट को पूरी तरह से कैसे अवशोषित करता है और आपकी कोशिकाओं को बताता है कि अवशोषित होने के बाद उन्हें कैसे संसाधित करना है।



## संक्षेप

### भूमि सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए ग्रामों में आयोजित होगी ग्राम चौपाल

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मुख्य राजस्व अधिकारी/उप संचालक चकबन्दी देवेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि शासन व जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर भूमि से सम्बन्धित मामलों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से उप संचालक चकबन्दी की अध्यक्षता में जनपद में वर्ष 2023 के पूर्व के अधिसूचित प्रत्येक ग्राम माह अक्टूबर 2024 में ग्राम चौपाल का आयोजित होगा। निर्धारित रोस्टर की जानकारी देते हुए श्री सिंह ने बताया कि 04 अक्टूबर को तहसील पयागपुर के ग्राम गांगूदेवर, 07 को उधरना ठकुराईन, 14 को लख्खारामपुर, 16 को मानिकपुर कलां, 23 को राजापुर गिरन्ट में 24 अक्टूबर 2024, तहसील महसी के ग्राम मैकूपुरवा में 09 व बभनौटी उर्फ शहर गोलागंज में 21 अक्टूबर, तहसील कैसरगंज के मंझारा तौकली में 10 अक्टूबर व मीरपुर कोनिया में 28 अक्टूबर तथा तहसील नानपारा के ग्राम बेलामकन में 18 अक्टूबर 2024 को ग्राम चौपाल आयोजित होगी।

### कच्ची दीवार गिरने से तीन साल के मासूम की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में लम्भुआ क्षेत्र में लगातार हुई बरसात के चलते कच्ची दीवार गिर गई। मलबे में दबकर तीन साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई। वहीं उसकी बुआ गंभीर रूप से घायल हुई है। उसे ग्रामीणों की मदद से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल महिला को जिला चिकित्सालय रेफर किया। लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के रामपुर कुर्मियान में आज नंदलाल की कच्ची दीवार गिर गई। दीवार के पास ही बर्तन मांज रही कोमल दीवार के मलबे में दब गईं। बगल ही खेल रहा तीन वर्ष का मासूम नितिन पुत्र रामू निवासी रामपुर कुर्मियान भी मलबे में दबकर घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से दोनों को मलबे से निकालकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लम्भुआ पहुंचाया गया। यहां पर चिकित्सकों ने मासूम नितिन को मृतक घोषित किया।

### पड़ोसी ने मासूम को पटक-पटककर किया अधमरा

अमन लेखनी समाचार

रामपुर, रामपुर में एक पड़ोसी ने एक मासूम बच्चे को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। घटना का वीडियो सामने आया है। बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है। बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज की है। आरोपी फरार है। यह घटना जिले के अजीम नगर थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव की है। जहां जुल्फिकार नामक व्यक्ति का 8 साल का बेटा सुहैल अपने परिवार के साथ एक शादी में गया था।

# शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

- प्रशिक्षण में बताई गई नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित शिक्षण की नीतियां
- निर्धारित समय में विद्यालयों को बनाए निपुण– बीईओ

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। विकास क्षेत्र नवाबगंज अंतर्गत परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज (बाबागंज) में आयोजित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस चार दिवसीय प्रशिक्षण में संदर्भदाता सुनील कुमार, राकेश मौर्य, निर्मल शुक्ला, जितेंद्र बहादुर व अमित कुमार ने शिक्षकों को वर्तमान सत्र में कक्षा एक व दो में संचालित एनसीईआरटी आधारित नवीन पाठ्य पुस्तकों की विषयवस्तु तथा शिक्षण नीतियों की जानकारी दी। एआरपी सुनील कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वर्तमान शैक्षिक सत्र में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित भाषा- गणित व अंग्रेजी की नवीन पाठ्य पुस्तकों सारंगी, आनंदमय गणित व मृदंग की विषयवस्तु तथा कक्षा 3, 4 व 5 में संदर्शिका आधारित भाषा-गणित की शिक्षण नीतियों से अवगत कराना है। प्रशिक्षण के प्रथम व चतुर्थ दिवस में प्रतिभागियों द्वारा प्री व पोस्ट टेस्ट के माध्यम से स्वआकलन भी किया गया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने कहा शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है। वह न केवल बच्चों बल्कि संपूर्ण समाज का मार्गदर्शन करता है, समाज की भावी पीढ़ी का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि हमारे शिक्षक साथी प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का सम्यक प्रयोग करते हुए सभी बच्चों को निपुण बनाएंगे। दो बैच में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकास क्षेत्र के 100 शिक्षकों व शिक्षामित्रों को प्रशिक्षित किया गया। इस मौके पर अरविंद कुमार वर्मा, जितेंद्र कुमार शर्मा, विनोद गिरि, वैभव सिंह मौजूद रहे।

# स्वच्छता अभियान के अंतर्गत छात्रों ने निकाली रैली



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। उच्च प्राथमिक विद्यालय परसिया आलम में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत छात्रों की रैली निकाली गई। जिसमें छात्रों ने हम सबका यही है सपना, स्वच्छ भारत हो अपना,, स्वच्छ राष्ट्र ही स्वस्थ राष्ट्र होता है आदि नारे के साथ पूरे परसिया आलम में नारे लगाते हुए प्रतिभाग किया तथा स्वच्छता कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला में वाद विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षक नवल कुमार पाठक ने कहा स्वच्छता एक ऐसा महत्वपूर्ण अभियान है, जो स्वयं, समाज और पर्यावरण के लिए फायदेमंद है। स्वच्छता अपना कर हम खुद को रोगों से बचा सकते हैं और स्वच्छ रह सकते हैं कार्यक्रम में समस्त रसोईया छात्र छात्रा तथा संध्या रानी आदि लोगों ने प्रतिभाग किया।

# नगर मजिस्ट्रेट ने किया होटलों, ढाबों एवं रेस्टोरेन्ट का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जन स्वास्थ्य व जन सुरक्षा तथा उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री एवं पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर द्वारा सोमवार को नगर क्षेत्र के लगभग 33 ढाबा/होटल/रेस्टोरेन्ट/दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरा नहीं पाया गया है। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट द्वारा रसोईघर/किचन की साफ सफाई एवं खाद्य पदार्थ तैयार करने वाले रसोईया एवं सर्विस/कार्य करने वाले सम्बन्धित कर्मचारियों को मास्क/हैण्ड ग्लब्स का उपयोग न करने पर सम्बन्धित प्रतिष्ठानों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 में उल्लिखित प्राविधानों के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी की गई है। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा सम्बन्धित को निर्देश दिया है कि प्रतिष्ठानों पर इस प्रकार सीसीटीवी कैमरों की स्थापना की जाय कि ग्राहकों के बैठने के स्थान एवं प्रतिष्ठान के अन्य हिस्से भी कवर हों। सभी प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया गया है कि कैमरों की रिकार्डिंग सुरक्षित रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर पुलिस/स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही खान-पान (रसोईघर/किचन) के स्थान/केन्द्रों पर साफ-सफाई के साथ खाद्य पदार्थों को तैयार करने वाले व उनके सर्विस/कार्य करने वाले सम्बन्धित कर्मचारी/व्यक्ति द्वारा मास्क/हैण्ड ग्लब्स का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाय। सभी प्रतिष्ठानों को सचेत किया गया है कि आदेशों के उल्लंघन की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित की होगी।

# 40 कार्टून चिकित्सा उपकरण के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। 42वीं बटालियन के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण अभियान में, भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और चिकित्सा उपकरणों की एक बड़ी खेप जब्त की गई। 42वीं बटालियन के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत की सतत निगरानी और डिप्टी कमांडेंट (ऑपरेशन) दिलीप कुमार के निर्देशन में स्थानीय सोर्स से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर यह ऑपरेशन चलाया गया। यह ऑपरेशन करीब 2:45 बजे बॉर्डर पिलर संख्या 654/06 के पास भारतीय क्षेत्र में करीब 100 मीटर अंदर हुआ। विशेष नाका ड्यूटी के दौरान, नाका दल ने एक टाटा इंट्रा वी30 पिकअप ट्रक को रोका, जिसमें 40 कार्टन मेडिकल उपकरण भरे हुए थे। वाहन चला रहे व्यक्ति माल के लिए वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए, जिसके कारण उसे जब्त कर लिया। पकड़े गए कर्मियों मोहम्मद निषाद और अमरजीत को जब्त किए गए मेडिकल उपकरण और वाहन के साथ आगे की जांच और कानूनी कार्यवाही के लिए नानपारा स्थित कस्टम कार्यालय को सौंप दिया गया। मेडिकल उपकरणों की अनुमानित कीमत 17,28,860/- रुपये है। यह सफल ऑपरेशन तस्करी गतिविधियों को रोकने और भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा सुनिश्चित करने में एसएसबी की सतर्कता को दशार्ता है।

# चोरों के दहशत से ग्रामीण रात रात भर जागकर देते पहरा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तमाम गावों में निवास करने वालों की नींद एक पखवारे से हराम हो गई है। रात होते ही चोरों के आने की दहशत का वातावरण खड़ा हो रहा है। ग्रामीण घरों की सुरक्षा को लेकर रात भर जग कर पहरा दे रहे हैं। कहीं भी संदिग्ध व्यक्ति को देख ग्रामीण रात में चोर चोर का हल्ला मचा दे रहे हैं। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत थाना बिहार बीघापुर बारा सगवर क्षेत्र के गांव देवारा मलौना भगवंतपुर व्यासपुर भोगइता सलेथू कुम्भी तलिहाई आदि सहित तमाम गावों के लोग रात में किसी भी चारपहिया व दो पहिया वाहनों के आने व जाने से भयभीत हो जा रहे हैं। रात भर जाग कर पहरा दे रहे हैं। किसी के ऊपर शक होने पर पूछताछ करना शुरू कर दे रहे है। देर शाम ग्रामीण हाथ में लाठी डंडा लेकर निकल पड़ रहे हैं। थोड़ी भी आहट पर सतर्क हो जा रहे हैं। राह से होकर गुजरने वाले अंजान राहगीर को भी रोकने से गुरेज नहीं कर रहे क्योंकि वे हर किसी अंजान को शक के दायरे में ही रखकर देख रहे हैं। चोरों के आने की अफवाह कौन फैला रहा, यह किसी को पता नहीं। गांव में चोर आने की बात कौन कह रहा यह भी ग्रामीण नहीं जान रहे। चर्चा और अफवाहों को लेकर ग्रामीण जाग रहे हैं। ग्रामीण तो चोरों के आने की बात को लेकर सतर्क हैं।

जिस तरह रात के अंधेरे में लाठी डंडा लिए सतर्क ग्रामीण थोडी भी आहट और अंजान चेहरे को लेकर सतर्क और आक्रामक हो जा रहे हैं, ऐसे में डर इस बात का भी है कि कहीं कोई निर्दोष इसका शिकार न बना जाए। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह के ग्राम देवारा थाना बिहार मे चोरों के द्वारा बंधक बनाकर लूट किए जानें का मामला सामाचार पत्र की सुर्खियों में छाया रहा इसके साथ चोरी के बहुत मामले होने से जनता भयभीत है

## सांसद पहुंचे रामपुर धोबिया, बृहत स्तर पर चलाया सदस्यता अभियान

शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया हार मे आज मंगलवार को सांसद बहराइच डॉ आनंद गोंड ने पहुंच कर अपने कार्यकताओं जनप्रतिनिधियों संग की संगोष्ठी। उन्होंने डबल इंजन सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीबों के हितों में तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पात्र लोगों कोई योजनाओं का लाभ मुहैया कराना हमारी प्राथमिकता है। उपस्थित सभी कार्यकताओं से अधिकाधिक संख्या में सदस्यों को जल्द ही जोड़े जाने का निवेदन किया। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में विकास के कई अहम मुद्दों पर भी चचाएं संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि रामपुर प्रभात कुमार जायसवाल भाजपा मंडल इकाई रामपुर धोबिया के समस्त वरिष्ठ कनिष्ठ सदस्यगण तथा काफी संख्या में ग्रामवासीगण उपस्थित रहे।

# कैसरगंज ब्लॉक मे कोटेदार संगठन का पदस्थ चयन



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। मंगलवार को उचित दर विक्रेताओं कोटेदार ने संगठन समिति बनाने हेतु मीटिंग आहुति की गई जिसमें ब्लॉक कैसरगंज के समस्त कोटेदार एकत्रित हुए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए अमरेश द्विवेदी ने अमरेश बहादुर सिंह उर्फ बड़काऊ सिह के नाम पर प्रस्ताव रखा जिस पर उपस्थित कोटेदारों द्वारा पूर्ण समर्थन किया। जिसमें अमरेश बहादुर सिंह बड़काऊ के नाम पर सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर तथा इसके पश्चात महामंत्री के पद पर कमलेश कुमार गोस्वामी व शिव गोविन्द गौड़ को सर्व सम्मति से चुना गया तथा उपाध्यक्ष के पद पर नसीब अहमद व हीरालाल मौर्य व राजेश यादव व संजय वर्मा को सर्व सम्मति से चुना गया। संगठन मंत्री के पद पर धर्मराज यादव व धर्मेंद्र वर्मा व अशोक कुमार व मुईज अहमद वह अमरजीत निषाद को सर्वसम्मत से चुना गया। कोषाध्यक्ष के पद पर जयप्रकाश शुक्ला को सर्व सम्मति से चुना गया। इन सभी उचित दर विक्रेताओं ने सर्वसम्मत से निम्नलिखित पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। सभी पदाधिकारी संगठन के दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# तेज बारिश की वजह से भरभरा कर गिरे दो मकान

- अमेठी में अलग अलग गांवों की घटना, घरवालों ने भागकर बचाई अपनी जान

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में लगातार हो रही बारिश अब लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। देर रात तेज बारिश की वजह से अलग अलग गांवों में दो जर्जर मकान भरभरा कर गिर पड़े। गनीमत रही की हादसे के दौरान घर में कोई मौजूद नहीं था नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। मलबे की चपेट में आने से परिवार की पूरी गृहस्थी दब गई है, जिससे परिवार को खाने पीने और रहने के भी लाले पड़ गए हैं। दरअसल, ये पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के दुवारिया गांव का है। जहां देर रात गांव के रहने वाले देव प्रसाद अपने घर मे मौजूद थे। देव प्रसाद किसी काम से घर से जैसे ही बाहर निकले वैसे ही मकान की छत भरभरा कर गिर पड़ी। गनीमत रही कि बुजुर्ग के घर से निकलते ही मकान की छत गिरी नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। छत गिरने से घर मे रखा सारा सामान नष्ट हो गया। अब पीड़ित के पास न तो खाने पीने के सामान बचा है और न ही सर छिपाने के लिए छत है। वही दूसरी घटना जामो थाना क्षेत्र की है। जहां बारिश की वजह से एक मकान धराशायी हो गया।

इस परिवार के सदस्य भी मौके पर मौजूद नहीं थे नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। पीड़ित देव प्रसाद का कहना है कि उसके पास अब कुछ नही बचा है। उसकी प्रशासन से मांग है कि उसके रहने की व्यवस्था करवाई जाई।

# बदलते मौसम में बढ़ी मरीजों की संख्या

## प्रतिदिन इलाज के लिए 5 हजार लोग पहुंच रहे अस्पताल, कई अस्पतालों में बेड फुल

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, हापुड़ में बदलते मौसम ने अब लोगों को बीमार करना शुरू कर दिया है। जिसके चलते बुखार, खांसी, जुकाम, बदन दर्द, उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ी है। बच्चों और बुजुर्गों में बुखार और डायरिया की समस्या सामने आ रही है। जिले में सरकारी और निजी अस्पताल में बेड फुल हैं। डॉक्टर लोगों को खानपान पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दे रहे हैं। जिले में वायरल का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इन दिनों हर घर में मरीज हैं। सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में दोपहर तक भी कतार नहीं टूट रही हैं। प्रत्येक दिन निजी और सरकारी अस्पतालों में 5 हजार से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे है। जिनमें 25 फीसदी को बुखार से पीड़ित शामिल है। प्लेटलेट्स गिरने से मरीजों की हालत ज्यादा बिगड़ रही है। ऐसे में लोगों को उपचार दिया जा रहा है। जिला अस्पताल और सीएचसी में पर्चे के लिए अतिरिक्त काउंटर बना दिए गए हैं। ऑनलाइन पर्चे अब नहीं बन रहे फिर भी मरीजों को एक से डेढ़ घंटे तक लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। इसके बाद जनरल ओपीडी में सबसे अधिक भीड़ है, चिकित्सकों की कमी के कारण परामर्श में हर मरीज को दो मिनट का समय भी नहीं मिल पा रहा है। सीएमओ डॉ सुनील त्यागी ने बताया कि वायरल बुखार में व्यक्ति के गले में दर्द, खराश और खुजली होने लगती है। इसके साथ ही शरीर में दर्द, बुखार, खांसी के लक्षण होते हैं। वायरल से बचने के लिए बड़े लोग मास्क लगाकर रखें। वायरल होने पर सबसे पहले नमक के गरारे जरूर करें। डॉक्टर से चेक अप कराने के बाद ही दवा लें। सावधानी न रखने पर एक से दूसरे को यह बुखार बहुत जल्द हो रहा है। डाइटीशियन शिवानी असवाल का कहना है कि बदलते मौसम के दौरान वायरल बुखार होना आम बात है। क्योंकि तापमान का फर्क और इम्यून सिस्टम पर वायरस हमला कर सकता है। वायरल बुखार से लड़ने के लिए पोषण बहुत महत्वपूर्ण होता है। जिससे आपका शरीर जल्दी से ठीक हो सके। वायरल बुखार के दौरान संतुलित, स्वस्थ आहार खाने से आपको जल्दी ठीक होने में मदद मिल सकती है। विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन आपकी इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है।

वायरल बुखार होने पर अपने आहार पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। आपको हल्का भोजन करना चाहिए जो पचाने में आसान हो और इस बात का ध्यान रखे कि आप पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लें।

# डुमरियागंज-उतरौला राजमार्ग राहगीरों के लिए साबित हो रहा खतरा

- लोग बोले– गड्ढे से भरी सड़क पर चलना हुआ मुश्किल, मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज-उतरौला राजमार्ग अब लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। गड्ढे से भरी इस सड़क पर वाहन चालकों और राहगीरों के दिलों में डर बैठ गया है। सड़क जर्जर होने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इससे लोगों में आक्रोश फैल रहा है। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बेवां से भड़रिया होकर बलरामपुर जनपद को जोड़ने वाला बेवां-उतरौला राजमार्ग अब बद से बदतर हो चुका है। यहां हर कदम पर गड्ढे का सामना करना पड़ता है, जिससे सफर जानलेवा बन गया है। इन गड्ढों से आने वाले झटकों ने लोगों की परेशानी को और भी बढ़ा दिया है। लंबे समय से ये जर्जर मार्ग अब लोगों के सहनशक्ति की सीमा को पार कर चुका है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं ने इस मार्ग को 'खूनी मार्ग' का खिताब दिला दिया है। कई क्षेत्रीय राहगीरों ने इस सड़क पर हादसों में अपनी जान गंवाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की मरम्मत के नाम पर केवल औपचारिकताएं पूरी की जाती हैं।

वासा दरगाह के निवासी आरिफ ने बताया कि बेवां-उतरौला मार्ग को राजमार्ग का दर्जा दिया गया है, लेकिन हकीकत में यह सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। मरम्मत के नाम पर बस खानापूर्ति होती है, जिसका परिणाम यह है कि सड़क का अस्तित्व ही समाप्त होने के कगार पर है।

# पाश इलाको में बाढ़ का पानी घुसा घरों में बढ़ी मुश्किलें

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया, जिससे अंबिकापुरम, गायत्री नगर, भातू फार्म और अन्य पॉश इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इस बाढ़ के कारण स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने पानी निकालने के लिए पंपिंग सेट लगाने का फैसला किया है। करीब दस दिन पहले गंगा के जलस्तर में अचानक वृद्धि हुई थी, जिससे छमकनाली और धोबी पुलिया के रास्ते बाढ़ का पानी फैलकर अंबिकापुरम, गायत्री नगर और भातू फार्म के सैकड़ों मकानों में भर गया। न केवल घरों के आसपास बल्कि खाली प्लॉटों में भी पानी भरने से गंदगी और दुर्गंध फैलने लगी। इस बीच, स्थानीय निवासियों ने जल निकासी की मांग की, जिसके बाद पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशासी अधिकारी मुकेश मिश्रा ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। पालिका प्रशासन ने त्वरित कदम उठाते हुए दो पंपिंग सेट लगाए, जो लगातार पानी निकालने का काम कर रहे हैं। निकाले गए पानी को रामकली स्टेडियम के पास धोबिन पुलिया में डाला जा रहा है। अधिशासी अधिकारी मुकेश मिश्रा ने कहा कि जब तक पानी पूरी तरह नहीं निकल जाता, तब तक पंपिंग जारी रहेगी। जलभराव की समस्या केवल अंबिकापुरम तक सीमित नहीं है। चंपापुरवा के निचले इलाकों जैसे मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा, शाही नगर, हुसैन नगर, कर्बला और सैय्यद कम्पाउंड के साथ श्री नगर और मालवीय नगर भी जलमग्न हो गए हैं। इन क्षेत्रों में पानी भरने से संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है, जिससे वहां के लोग भी चिंतित हैं। बाढ़ से उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन का यह कदम सराहनीय है, लेकिन स्थानीय निवासियों ने अधिक सहायता की मांग की है।

# अमेठी की सड़कों पर आवारा जानवरों का कब्जा

- जान बचाकर मौके से निकल रहे हैं राहगीर, सिर्फ कागजों में गौशालाओं में है आवारा जानवर

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में आवारा जानवर सड़कों पर कब्जा जमाकर बैठे हुए और आलम यह है राहगीर किसी तरह मौके से निकल रहे हैं। जिले का पशु विभाग और जिला प्रशासन आवारा जानवरों को गौशालाओं में होने का दावा कर रहा हैं, लेकिन हकीकत इससे परे है। अमेठी के सभी प्रमुख मार्गों पर बड़ी संख्या में आवारा जानवर अपना कब्जा किए हैं और राहगीर जान बचाकर किसी तरह वहां से निकल रहे हैं। झुंड के झुंड सड़को पर बैठे आवारा जानवर किसी भी दिन किसी बड़ी घटना का कारण बन सकते है। दरअसल प्रदेश सरकार के सख्त आदेश के बावजूद अमेठी में लोगों को आवारा जानवरो से निजात नही मिल पा रही है।

झुंड के झुंड आवारा जानवर सड़कों पर यमराज बनकर घूम रहे हैं। आलम यह है कि अमेठी कस्बे के गौरीगंज रोड, प्रतापगढ़ रोड, दुगार्पुर रोड, सुल्तानपुर रोड, मुंशीगंज रोड और पाई पास पर बड़ी संख्या में आवारा जानवर सड़कों पर घूम रहे हैं। सड़कों पर यमराज बनकर बैठे इन जानवरों से किसी तरह राहगीर जान जोखिम में डालकर मौके से निकल रहे। अमेठी प्रसाशन लगातार दावा कर रहा है कि आवारा जानवर गौशालाओ में है, लेकिन हकीकत कुछ और है। करीब एक साल पहले किसानों और आम लोगों की समस्याओं के देखते हुए तत्कालीन सांसद स्मृति ईरानी ने भी डीएम को पत्र लिखकर आवारा जानवरों को पकड़कर गौशालाओ में पहचाने का आदेश दिया था लेकिन वो सिर्फ आदेश तक ही राह गया।

# संक्षेप

## बारिश से मकान का छज्जा गिरा

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ, मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र स्थित श्यामनगर में रात एक दो मंजिला निमार्णाधीन मकान का छज्जा अचानक गिर गया। मलबे की चपेट में आने से कई राहगीर बाल-बाल बच गए और एक बड़ा हादसा होने से टल गया। छज्जा गिरने से हुई तेज आवाज के कारण मोहल्ले में भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि मकान मालिक ने एहसास होते ही सबसे पहले अपने परिवार के साथ मकान को खाली कर दिया था। अगर समय रहते मकान खाली न किया जाता तो बड़ा हादसा भी हो सकता था। मोहल्ले के लोगों द्वारा जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के बारे में मकान मालिक से जानकारी ली। श्यामनगर गली नंबर 4 में चुन्नू का मकान है। चुन्नू अपने मकान में ही किराना की दुकान चलाता है। चुन्नू के मकान में काफी दिनों से निर्माण का काम चल रहा था। देर रात चुन्नू और उसके परिवार को एहसास हुआ कि मकान कभी भी गिर सकता है। तभी पूरे परिवार ने मकान को खाली कर दिया। आधे घंटे बाद ही मकान का छज्जा भर भराकर गिर पड़ा। इस दौरान गली से निकल रहे राहगीर बाल-बाल बच गए। गनीमत रही कि चुन्नू और उसके परिवार ने मकान को समय रहते खाली कर दिया था। नहीं तो बड़ा हादसा भी हो सकता था। वहीं छज्जा गिरने से हुई तेज आवाज के कारण मोहल्ले में भगदड़ मच गई और मोहल्ले के लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पिल्लोखड़ी चौकी पुलिस ने मकान मालिक को बुलाकर उससे पूछताछ की। इसके बाद हादसे की जानकारी अधिकारियों को दी। आसपास के लोगों का आरोप है कि मकान बहुत पुराना और जर्जर है। उसके बाद भी मकान मालिक उसमें निर्माण कर रहा है। जिसके चलते हादसा हुआ है। हादसे से आधा घंटा पहले ही परिवार के लोगों ने मकान को खाली किया था।

## ससुरालियों ने बहू को पीटा

**अमन लेखनी समाचार**

खुर्जा, बुलंदशहर के खुर्जा तहसील क्षेत्र के गांव लखावटी मिजार्पुर निवासी रजनी ने अपने ससुराल वालों पर दहेज के लिए लगातार उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। रजनी की शादी करीब 11 साल पहले गांव दिनौल निवासी नीरज से हुई थी, और शादी के दौरान उसके परिवार ने अपनी क्षमता के अनुसार दान-दहेज दिया था। रजनी का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही उसके ससुराल के लोग उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। वह लगातार गाली-गलौच और मारपीट का शिकार बनी। रजनी के तीन बच्चे भी हैं, और उसने कहा कि उनके साथ भी ससुराल वालों ने अच्छा व्यवहार नहीं किया। कई बार समझौता होने के बावजूद उत्पीड़न जारी रहा। अब रजनी ने खुर्जा देहात थाना पुलिस को तहरीर देकर पति नीरज, जेठ और देवर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने उसे मेडिकल के लिए भेजा है और तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। सीओ भास्कर मिश्रा ने बताया कि तहरीर की जांच के बाद मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# बलिया में लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस को पलटाने की कोशिश

## रेल लाइन के बीच रखा पत्थर, लोको पायलट ने लगाया इमरजेंसी ब्रेक

**अमन लेखनी समाचार**



बलिया, बलिया में ट्रेन पलटाने की साजिश हुई। बकुलहा-मांझी रेलवे स्टेशन के बीच पटरी पर पत्थर रख दिया गया। डाउन लाइन से आ रही लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस ट्रेन के लोको पायलट की नजर पड़ी तो इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। बावजूद इसके पटरी पर रखा पत्थर ट्रेन के कैटल गार्ड से टकरा गया। हालांकि लोको पायलट ने सेफ्टी चेक करने के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया। बलिया-छपरा रेल खण्ड के मध्य लखनऊ-छपरा डाउन एक्सप्रेस जा रही थी। रेलवे द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर करीब 10.25 बजे जैसे ही लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस ट्रेन बकुल्हा रेलवे स्टेशन से आगे बढ़ी कि मांझी पुल जो यूपी-बिहार को जोड़ता है, उसके कुछ ही पहले 18/10 किलोमीटर पर पटरी के बीच पत्थर रखा देख ट्रेन के लोको पायलट ने ट्रेन का इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। हालांकि इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बावजूद भी ट्रेन का कैटल गार्ड पत्थर से टकरा गया। तत्पश्चात लोको पायलट ने ट्रेन की सेफ्टी चेक किया और ट्रेन को गंतव्य की तरफ रवाना किया।

पीआरओ डीआरएम अशोक कुमार ने बताया कि लोको पायलट ने पटरी पर रखे पत्थर को देखकर इमरजेंसी ब्रेक लगाया। इंजन के कैटल गार्ड से पत्थर टकरा कर हट गया। इसके उपरांत सेफ्टी सुनिश्चित कर लोको पायलट द्वारा ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। शाम को पहुंची इंटेलिजेंस व डाग स्क्वायड की टीम जांच में जुटी हुई है।

# दीपराज और सोनिया को डॉ. संदीप ने सौंपा ऑल ओवर विनर का खिताब

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**




झाँसी। पॉल क्लासिक द्वारा मिस्टर एंड मिसेस बुन्देलखण्ड पावर लिफ्टिंग कम्पिटिशन का आयोजन किया गया जिसके आयोजक अविनाश पॉल रहे। यह कार्यक्रम गाइंड जिम सूत कॉलोनी ग्वालियर रोड पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस प्रतियोगिता में ऑल ओवर विनर दीपराज कौरव ग्वालियर, ऑल ओवर विनर (महिला) सोनिया केतबस रहे। दोनों विजेताओं को स्पॉन्सर रीबॉक द्वारा तीन गिफ्ट हैम्पर दिए गये। पॉवर्ड बाय सुपर मसल न्यूट्रेशन द्वारा दोनों विजेताओं को 250000 की सप्लीमेंट्री स्पॉन्सरशिप दी गयी। ऑल ओवर विनर को नकद ?5100 व ?10000 का सप्लीमेंट दिया, सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि डॉ० संदीप द्वारा प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो भेंट किए गये। प्रतियोगिता में मेन जज बॉम्बोम राजकुमार मणिपुर नॉर्थ रहे, बैंच प्रेस जज विनोद नाम देव व सौरभ जैन रहे। डेड लिफ्टिंग के जज की भूमिका रोहित किरार व समर्थ ठाकुर ने निभाई। अतिथि व आयोजक मंडल द्वारा बच्चों को सप्लिमेंट प्रोटीन भी वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रदीप गुप्ता 'रानीपुर', डॉ० विजय पहारिया, शैलेन्द्र राय, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, राकेश अहिरवार, महेन्द्र रायकवार आदि उपस्थित रहे।

# मां काली देवी मंदिर का वार्षिकोत्सव का हुआ शुभारंभ

**अमन लेखनी समाचार**



बिंदकी, फतेहपुर। बिंदकी कस्बें में मां काली देवी मंदिर परिसर में नवयुवक मेला कमेटी की एक बैठक कोई जिसमें 2 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव को अंतिम रूप दिया गया। बताया गया है कि 2 अक्टूबर की शाम को विशाल शोभा यात्रा निकलेगी 3 अक्टूबर को नागनाथन होगा तथा 4 अक्टूबर को विशाल दंगल एवं कंस वध होगा। सोमवार को नगर के मोहल्ला ठठराही स्थित मां काली देवी मंदिर परिसर में नवयुवक मेला कमेटी की एक बैठक हुई। जिसमें 2 अक्टूबर से 4 अक्टूबर तक चलने वाले तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव को अंतिम रूप दिया गया बताया गया कि 2 अक्टूबर की शाम कल करीब 4:00 से मां काली देवी के दरबार से विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी । यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो में घूमेगी 3 अक्टूबर को नागनाथन होगा तथा 4 अक्टूबर को विशाल दंगल के साथ कंस वध होगा इसके अलावा प्रतिदिन विशाल मेला लगेगा जिसमें तमाम विशिष्ट लोग मौजूद रहेंगे। बैठक के उपरांत नवयुवक मेला कमेटी के अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने स्वरूप की तैयारी का जायजा भी लिया। बैठक में उपाध्यक्ष आनंद कसेरा कोषाध्यक्ष विष्णु द्विवेदी के अलावा बृजेश सोनी शुभम कसेरा विष्णु कसेरा अंकित विश्वकर्मा मोहित खरे विकास आदि लोग मौजूद रहे।

# अनूपशहर में निकली 3 किलोमीटर लंबी स्वच्छता रैली

- एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी, बोलीं- नदियां भारतीय संस्कृति की जननी

**अमन लेखनी समाचार**



अनूपशहर, अनूपशहर नगर के एलडीएवी इंटर कॉलेज के सभागार में 41वीं यूपी एनसीसी बटालियन के कैडेट्स के लिए भारतीय नदियां संस्कृति की जननी हैं और स्वच्छता ही सेवा है विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी प्रियंका कुमारी, प्रधानाचार्या शशि बाला पंत और वन क्षेत्राधिकारी योगेश कुमार ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य वक्ता अखंड प्रताप सिंह ने कहा, नदियां केवल जल का स्त्रोत नहीं, बल्कि संस्कृति की जननी और संवाहक होती हैं। भारत और विश्व की प्रमुख संस्कृतियां नदियों के किनारे विकसित हुई हैं।

उन्होंने बताया कि नदियों का मानव जीवन, भौतिक प्रगति और आध्यात्मिक सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रधानाचार्या शशि बाला पंत ने कहा, नदी भारतीय संस्कृति की आत्मा है। हमारे ऋषियों-मुनियों ने नदी के किनारे तप कर आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किया है। हमारे भविष्य के लिए नदियों की स्वच्छता और अविरलता जरूरी है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी प्रियंका गोयल ने स्वच्छता जागरूकता रैली का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया।

# राज्यमंत्री और डीएम ने सड़कों पर लगाई झाड़ू

**स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत लोगों को दिलाई शपथ, राज्यमंत्री बोले- स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का है मूल मंत्र**

**अमन लेखनी समाचार**

सीतापुर, सीतापुर में स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान जिला स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जायेगी। इसी कड़ी में नगर विकास राज्यमंत्री और प्रशासनिक अमले ने शहीदों को याद करते हुए शीश नवाए। फिर स्वच्छता अभियान की शुरूआत कर शहर के प्रमुख स्थानों पर झाड़ू लगाकर की। नगर विकास राज्यमंत्री स्वच्छता ने इस दौरान स्वच्छता की शपथ ली और लोगों को भी स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए जागरूक किया। इस दौरान नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने लालबाग स्थित शहीद पार्क में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इनके साथ ही जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल भी मौजूद रहकर शहर के शहीद पार्क में स्वच्छता की शपथ लेकर झाड़ू लगाकर अभियान की शुरूआत की। स्वच्छता अभियान का आरंभ लालबाग के शहीद पार्क में झाड़ू लगाकर किया गया और तत्पश्चात फिर प्रमुख चौराहों पर सफाई अभियान चला। इस दौरान सभी ने मिलकर स्वच्छता की शपथ ली। इस दौरान प्रशासनिक अमले ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर एडीएम नीतीश कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका वैभव त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनीन्द्र अवस्थी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सीतापुर में रंजिश में फायरिंग

- दुकान पर बैठा युवक बाल-बाल बचा, लोगों को आता देखकर बाइक छोड़कर भागे

**अमन लेखनी समाचार**



सीतापुर, सीतापुर में आपसी विवाद के चलते दबंगों ने कई राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दी। वारदात के बाद भीड़ को आता देखकर दबंग मौके पर ही बाइक छोड़कर फरार हो गए। जानलेवा हमले में युवक बाल-बाल बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर दबंग की बाइक को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामला कोतवाली नगर इलाके का है। यहां बीती रात आपसी विवाद के चलते दो पक्षों में पुरानी रंजिश के चलते विवाद चल रहा था। जानकारी के अनुसार रामकोट थाना क्षेत्र के मोहल्ला विकास नगर निवासी मुकुल मिश्रा अपने चाचा की दुकान पवन किराना स्टोर पर खड़ा था। इसी दौरान क्षेत्र के आफाक गाजी, छंगू और सनी लाला बाइक से दुकान पर आ धमके और पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौच करने लगे। आरोप है कि गाली गलौच का विरोध करने पर बाइक सवार दबंगों ने दो राउंड फायरिंग कर दी। इस दौरान पीड़ित बाल-बाल बच गया। गोली की आवाज सुनकर स्थानीय लोगो की भीड़ मौके पर इकट्ठा देखकर दबंग बाइक को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर पीड़ित व्यक्ति के बयान दर्ज किए। पुलिस ने मौका ए वारदात से कारतूस के खोले बरामद कर पीड़ित की तहरीर पर तीनों नामजद अभियुक्तों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बलरामपुर कॉलेज में एकल गायन प्रतियोगिता

## श्रोताओं पर अमिट छाप छोड़ने वाली अंशिका को पहला स्थान, राज मिश्र द्वितीय और सौम्य तीसरे पर रहे

**अमन लेखनी समाचार**



बलरामपुर, बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में पाठ्य सहगामी क्रिया के तहत एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के छात्रों ने भाग लिया, और प्रतिभागियों ने अपने गायन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एमए तृतीय सेमेस्टर की अंशिका उपाध्याय ने पहला स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में और लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र कुमार चौहान के संयोजन में किया गया। प्रतियोगिता की निर्णायक समिति में डॉ. अनामिका सिंह, डॉ. स्वदेश भट्ट, और डॉ. केके सिंह शामिल थे, जिन्होंने प्रतिभागियों के स्वर, स्केल, और प्रस्तुति के आधार पर अंशिका को प्रथम, बीएससी तृतीय वर्ष के राज मिश्र को द्वितीय, और सौम्य पांडेय को तीसरे स्थान के लिए चुना। विजेता प्रतिभागियों के नाम की घोषणा करते हुए महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो. राघवेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सांस्कृतिक निदेशक डॉ. अनामिका सिंह ने महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के संयोजक एवं महाविद्यालय के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र कुमार चौहान ने सभी का स्वागत करते हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रतिभागियों को गायन प्रतियोगिता की बारीकियों से परिचित कराते हुए आवश्यक टिप्स भी दिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आनंद वाजपेयी ने किया। इस कार्यक्रम में प्रो. एसपी मिश्र, डॉ. दिनेश मौर्य, डॉ. बीएल गुप्त, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. पूजा मिश्रा, डॉ. मानसी पटेल, डॉ. शिव महेंद्र सिंह, डॉ. सुनील शुक्ल, डॉ. दिनेश त्रिपाठी, मणिका मिश्रा, सीमा पांडेय, सीमा श्रीवास्तव, श्रीनारायण सिंह, और विशाल गुप्त सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मेरठ में फिल्मी अंदाज में किया वाहन चोरी

- पहले चोर स्कूटर के पास बैठे और आपस में बात करने लगे, फिर मौका पाकर लॉक तोड़ दिया

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ, मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र स्थित गोला कुआं से दो चोरों ने घर के बाहर खड़े स्कूटर को फिल्मी स्टाइल में चोरी कर लिया। चोर पहले स्कूटर के पास बैठे और एक दूसरे से बात करने लगे, फिर एक चोर स्कूटर पर बैठ गया। थोड़ी देर बाद दोनों स्कूटर लेकर फरार हो गए। घटना स्कूटर मलिक के मकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। घर के बाहर खड़ा स्कूटर न मिलने पर स्कूटर के मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कब्जे में ले लिया और चोरों की तलाश शुरू कर दी। वही इस घटना का वीडियो भी वायरल हो गया है। गोलाकुआं का रहने वाला अरशद कपड़ा कारोबारी है। अरशद अपने स्कूटर को घर के बाहर खड़ाकर अपने घर में चला गया। तभी दो चोर स्कूटर के पास पहुंचे और वहीं बैठकर बातचीत का ड्रामा करने लगे। कुछ देर बाद एक चोर स्कूटर पर बैठ गया। और स्कूटर के लॉक को खोलकर दोनों चोर स्कूटर लेकर फरार हो गए। अरशद जब घर से बाहर निकला तो उसका स्कूटर नहीं मिला। स्कूटर न मिलने से स्कूटर मालिक न अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। स्कूटर चोरी के दौरान चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुके थे। पीड़ित अरशद ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी। पीड़ित स्कूटर मलिक अरशद ने अज्ञात दो चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। वही स्कूटर चोरी का वीडियो वायरल हो रहा है।

# एसडीएम ने 3 शिकायतों का निस्तारण किया



**समाधान दिवस में लंबित शिकायतें समय से निपटाने के निर्देश**

**अमन लेखनी समाचार**

बुलंदशहर, कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम गजेंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। कुल 6 शिकायतकताओं ने अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एसडीएम गजेंद्र सिंह ने लंबित शिकायतों के निस्तारण के लिए अपने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लंबित शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर हल किया जाना चाहिए और इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि वे शिकायतों का भौतिक सत्यापन भी करें। गजेंद्र सिंह ने बताया कि थाना समाधान दिवस शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य फरियादियों को तुरंत न्याय दिलाना है। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी प्रेमचंद शर्मा, उपनिरीक्षक छैल बिहारी शर्मा सहित राजस्व टीम भी उपस्थित रही।

# 10वीं फेल कर रहा था मरीजों का इलाज

- सीतापुर में एसडीएम ने अवैध अस्पताल कराया बंद, टीम ने मारा था छापा

**अमन लेखनी समाचार**




सीतापुर, सीतापुर जिले में बिना पंजीकृत अस्पतालों और मेडिकल स्टोर्स पर शिकंजा कसने के लिए प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। जिलाधिकारी के आदेशानुसार, जिले में बिना पंजीकरण संचालित हो रहे अस्पतालों, क्लीनिकों और मेडिकल स्टोर्स की जांच के लिए एक संयुक्त टीम गठित की गई है। इस टीम में एसडीएम अंजली सिंह और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (अउटड) डॉ. अनूप श्रीवास्तव शामिल हैं। इसी क्रम में, टीम ने महोली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण किया और अवैध रूप से संचालित हो रहे मुकुंद क्लीनिक पर भी छापा मारा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अंजली सिंह और डॉ. अनूप श्रीवास्तव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की जांच की। उन्होंने डॉक्टरों की उपस्थिति पंजिका, दवा भंडारण कक्ष और अस्पताल परिसर में साफ-सफाई का जायजा लिया। टीम ने अस्पताल प्रशासन को साफ-सफाई और व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। एसडीएम अंजली सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चिकित्सा संस्थानों को अपने मरीजों को सर्वोत्तम सुविधाएं देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास संचालित हो रहे अवैध मुकुंद क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। यहां एक बड़ी लापरवाही सामने आई। क्लीनिक में डॉ. आकाश कुमार की जगह कोई अन्य व्यक्ति मरीजों का इलाज कर रहा था। यह व्यक्ति मरीजों को दवाएं लिख रहा था और पर्चे पर हस्ताक्षर भी कर रहा था। जब टीम ने उससे उसकी पहचान और शैक्षिक योग्यता के बारे में पूछा, तो उसने खुद को सिर्फ 10वीं पास बताया। इस व्यक्ति ने टीम के समक्ष अपनी पहचान से संबंधित कोई दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किया, जिससे क्लीनिक की वैधता पर सवाल खड़े हो गए।

## संक्षेप

### भैस बेचकर घर जा रहे युवक की जेब से जेबकतरे ने पार कर दिया 50 हजार

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। पशु बाजार से भैस बेच कर ईरिक्शा से घर जा रहे युवक की जेब से जेबकतरे ने 50 हजार रुपए पार कर दिया युवक को जब मालूम चला तो उसके होश उड़ गए पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैकोतवाली क्षेत्र के ऊमर निवासी पुत्तन पुत्र छोटे सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया की वो सफीपुर कस्बे में लगनी वाली साप्ताहिक पशु बाजार में वो अपनी भैस बेचने आया था दोपहर में उसकी भैंस 50 हजार की बिक गई और वो रुपिया अपनी जेब में रखकर सफीपुर से ई रिक्शा पर सवार होकर घर जाने लगा हरदोई उन्नाव मार्ग के करौंदी गांव के पास उसके बगल में बैठा अज्ञात युवक अचानक ई रिक्शा से उतर गया जब उसने अपनी जेब देखी तो उसकी जेब कटी मिली और उसमे रखे 50 हजार रुपए गायब थे उसने रिक्शा रुकवाकर वहा पर मौजूद ग्रामीणों से जानकारी की तो पता चला कि उसके पीछे एक बाइक लगी थी उसी में युवक बैठ कर रफूचक्कर हो गया पीड़ित युवक ने पुलिस को तहरीर दी प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### नगदी समेत लाखो के जेवरात अज्ञात चोरों ने किया पार

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर क्षेत्र के धानीखेड़ा बाजार में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा एक घर में लाखो की चोरी कर ली गयी। पीडित द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस की डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुँचकर जांच में जुट गई है। थाना क्षेत्र के धानीखेडा बाजार निवासिनी नेहा पत्नी गौरव कुमार गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात वह अपनी 7 वर्षीय बेटी लाडो के साथ छत के कमरे में सोने चली गयी थी। जबकि मेरी सास दूसरे कमरे व जेठ लालू नीचे बरामदे में सो रहे थे। पीड़ित की बहन तान्या भी करीब 2 वर्ष से यही रहकर पढ़ाई कर रही है। तान्या उसी बेड के नीचे बेहोश मिली जहा बेड के दीवान में घर के गहने रखे हुए थे। पीड़ित के अनुसार शुबह तड़के करीब 4 बजे जब आँख खुली तो मैंने देखा कि कमरे में रखी अलमारी खुली पड़ी है ।उसका सारा सामान अलमारी से बाहर अस्त ब्यस्त अवस्था मे पड़ा था। अलमारी के लाकर व बेड के दीवान में रखे गहने व नगद रुपये गायब थे। पीड़ित के अनुसार करीब 4 लाख के गहने व ढाई हजार रुपये नगद गायब थे। घर के सभी दरवाजे अंदर से बंद थे। पीड़ित का पति गौरव कानपुर के अपोलो मेडिकल स्टोर में काम करता है ।फिलहाल पूरे मामले में पुलिस को किसी करीबी के हाथ होने की आशंका है। मौके पर डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम पहुँचकर जांच -पड़ताल में जुट गई है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया मामला संदिध लग रहा फिर भी सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान/ दस्तक अभियान का सीडीओ ने किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विधायक सदर पंकज गुप्ता द्वारा मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा की उपस्थिति में जिला संयुक्त चिकित्सालय में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान रैली का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर दस्तक अभियान के अंतर्गत लोगों को साफ-सफाई, स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया। अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ जनपद को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी अभियान तथा दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जनपद में गंभीरता के साथ संचालित करें। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज/ग्राम्य विकास, पशुपालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कृषि एवं सिंचाई, उद्यान एवं सूचना विभाग समन्वित रूप से कार्यवाही संपादित कराएंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके द्वारा अपने विभाग से संबंधित गतिविधियों को कार्य योजना के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। इस महत्वपूर्ण जनहित कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर्स आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा प्रतिदिन अपने क्षेत्र में घरों का भ्रमण करेंगी तथा बुखार के रोगियों की सूची, इनफ्लुएंजा लाइक इलनेस रोगियों की सूची, फाइलेरिया, कालाजार, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची तथा कुपोषित बच्चों की सूची तैयार कर एएनएम के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय पर प्रस्तुत करेंगी। मुख्य विकास अधिकारी ने संचारी रोग अभियान के तहत साफ सफाई, स्वच्छता, एंटीलार्वा छिड़काव, फागिंग, नाला नालियों की सफाई, तालाबों/पोखरों के पास की झाड़ियों की सफाई, सूअर बाड़ो की सफाई तथा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव का कार्य शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की साप्ताहिक समीक्षा विभाग वार की जाएगी। खराब प्रगति पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर उपस्थित माननीय सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियो तथा आंगनबाड़ी का कार्यकर्तियो/आशा बहुओं को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्य प्रकाश ने बताया कि अभियान को संपादित कराने हेतु 411, एएनएम, 2636 आशा कार्यकत्री, 2623 आंगनबाड़ी कार्यकर्ती को लगाया गया है। जनपद के 1037 ग्राम पंचायतों सहित 1682 राजस्व ग्रामों तथा 3 नगर पालिका सहित कुल 16 नगर पंचायतो के कुल 266 वार्डो में संचारी रोगो की रोकथाम संबंधी गतिविधियां साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जलभराव रोकने, शुद्ध पेयजल उपलब्धता पर विशेष ध्यान देते हुए सभी सहयोगी विभागों द्वारा व्यवहार परिवर्तन व प्रचार प्रसार कराएंगे। अभियान के शुभारंभ पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा हरिनंदन प्रसाद, डा. आर. के.गौतम.अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वी.बी.डी.डा जे.आर सिंह,डा नरेंद्र कुमार . जिला एपिडमोलॉजिस्ट डा रवि यादव. जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव, जिला पब्लिक हेल्थ आफिसर डा अंकिता सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद उन्नाव संजय कुमार गौतम, सेनिट्री निरीक्षक रश्मि पुष्कर,सहायक मलेरिया अधिकारी मुकेश दीक्षित, फाइलेरिया निरीक्षक विशाल चौधरी, वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक निशांत अवस्थी, रामचंद्र तिवारी मोहमद आरिफ, यूनिसेफ से मोहमद दिलशाद, पाथ संस्था से जितेंद्र कुमार तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के समस्त कर्मचारियो सहित मलेरिया/फाइलेरिया विभाग के सभी कर्मचारियों के साथ-साथ अन्य सहयोगी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनपद के हर एक थाने में एक महिला आरक्षी को नियुक्त किया गया नोडल अधिकारी



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। महिला अपराधों की रोकथाम और सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की अगुवाई में ऑपरेशन भरोसा की शुरूआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। हर थाने में एक महिला आरक्षी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, अपहरण और गुमशुदगी जैसे मामलों की शिकायतों को तुरंत उच्चाधिकारियों तक पहुंचाएगी ऑपरेशन भरोसा के तहत नियुक्त महिला आरक्षियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि वे महिला संबंधी अपराधों का प्रभावी ढंग से निपटारा कर सकें। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में कमी लाना और पीड़ितों को न्याय दिलाना है। यह पहल न केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम साबित होगी ।क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में सभी थानों की नोडल महिला आरक्षियों के साथ एक अहम बैठक की। बैठक में ऑपरेशन भरोसा के तहत उठाए जाने वाले सभी कदमों पर चर्चा की गई। सोनम सिंह ने कहा, यह अभियान महिलाओं को उनकी आवाज उठाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सशक्त बनाने का एक जरिया है ।क्षेत्राधिकारी ने सभी नोडल आरक्षियों से अपेक्षा की कि वे महिला अपराधों के मामलों को गंभीरता से लें और तत्परता से काम करें। उन्होंने पुलिसकर्मियों से महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता बरतने और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देने की अपील की ।ऑपरेशन भरोसा के तहत पुलिस स्थानीय समुदायों में जागरूकता फैलाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करेगी ।इसमें महिलाओं को उनके अधिकारों और पुलिस से मदद पाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह अभियान समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में भी सहायक होगा ।यह पहल महिलाओं को सुरक्षा का अनुभव कराने के साथ-साथ उन्हें आत्मविश्वास और शक्ति प्रदान करेगी, ताकि वे अपनी समस्याओं को खुलकर व्यक्त कर सकें। ऑपरेशन भरोसा निश्चित रूप से उन्नाव जिले में महिला अपराधों की रोकथाम में अहम भूमिका निभाएगा और समाज में एक सुरक्षित वातावरण के निर्माण में मददगार साबित होगा।

## महिला सहित तीन युवकों पर पुलिस ने की शांति भंग की कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। अलग-अलग थानों में हुए विवाद को लेकर पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों को शांति भंग के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर कोर्ट भेज दिया तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन थाना बीघापुर क्षेत्र के ग्राम ठगपुरवा मजरा भोगइया में सोमवार को दोपहर एक संदिग्ध महिला आबादी में दिखाई दी ग्रामीणों ने उसे महिला को चोर समझ कर पकड़ रखा और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर देर शाम सोमवार को सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कोर्ट भेज दिया न्यायालय ने निजी मुचालिका पर नियम व शर्त के अनुसार रिहा कर दिया

पुलिस ने संदिग्ध महिला को पता लगाया इस महिला का नाम रोशन पत्नी मेहरून खालिद निवासी तकिया थाना बिहार जिला उन्नाव हाल मुकाम कुंदनगंज थाना बछरावां जिला रायबरेली दूसरा व्यक्ति सलमान पुत्र ताहिर हसन निवासी कुंदनगंज थाना बछरावां जिला रायबरेली उसके भी खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मंगलवार को सक्षम न्यायालय में पेश किया वहीं थाना बिहार क्षेत्र ग्राम बजौरा निवासी नितिन कुमार पुत्र रज्जन लाल अभिजीत सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह में आपस में विवाद होने पर उनके भी खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कोर्ट भेजा जहां न्यायालय ने सभी लोगों नियम व शर्ट के अनुसार रिहा किया।

## मेगा मेडिकल कैंप का सीडीओ ने फीता काट कर किया शुभारंभ



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला अग्रणी बैंक (बैंक आफ इंण्डिया), स्टार हैल्थ इंश्योरेंश व आशा हैल्थ केयर फॉउन्डेशन उन्नाव के सौजन्य से विकास भवन परिसर में आयोजित मेगा मेडिकल कैम्प का मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा फीता काट कर शुभारम्भ किया गया ।मेगा मेडिकल कैम्प के डायरेक्टर अली इमाम जाफरी की देख-रेख में डा0 एस0जे0 खान फिजीशियन व उनके स्टाफ सचिन पाण्डेय, मोना पुरी, माही, खुशबू, शिवानी आदि द्वारा लगभग एक सैकडा से अधिक अधिकारियों/कर्मचारियों व अन्य लोगों की शुगर, बी0पी0, बी0एम0आई0, आंख की जांच, हीमोग्लोबिन आदि की जांचें निःशुल्क की गयी। साथ ही लोगों को निःशुल्क परामर्श व दवाओं का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सीडीओ ने कहा कि आज की व्यस्त जीवन शैली में लोगों को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। जिला अग्रणी बैंक (बैंक आफ इंण्डिया), स्टार हैल्थ इंश्योरेंश व आशा हैल्थ केयर फॉउन्डेशन उन्नाव द्वारा इस प्रकार की पहल प्रशंसनीय है। मेडिकल कैम्प के शुभारम्भ के अवसर पर एलडीएम सुनील वर्मा, सूचना अधिकारी सतीश कुमार, बैंक आफ इंण्डिया के मुख्य प्रबन्धक रोजेन्द्र प्रसाद, स्टार हैल्थ के क्लस्टर हैड अशुतोष कुमार, एलआईयू निरीक्षक मुकेश यादव, लेखाकार रमेश रावत, पत्रकार नफीस बेग सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रामलीला की तैयारी जोरों पर शाम होते ही शुरू होता रिहर्सल

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। शारदीय नवरात्र प्रारम्भ होने के साथ ही क्षेत्र में विजय दशहरा पर्व पर होने वाली रामलीलाओं का दौर शुरू हो जायेगा। राम लीलाओं की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। शाम होते ही कलाकारों द्वारा रिहर्सल प्रारम्भ हो जाता है। कलाकारों को उनके पाठ में होने वाली कमियों को दूर करने में पुराने पात्र मदद कर रहे हैं। फतेहपुर चौरासी में नवरात्र के दूसरे दिन से द्विवेदी बन्धुओं की रामलीला प्रारम्भ हो जायेगी जो विजयदशमी तक चलेगी विजयदशमी से बाजपेई परिवार की रघुवंश रामलीला प्रारम्भ हो जायेगी। जिसका समापन कार्तिक मास की प्रतिपदा तिथि को राजगद्दी के साथ होगा। इसी बीच कस्बा ऊगू में श्री सार्वजनिक रामलीला भी शुरू हो जायेगी। ऊगू की रामलीला कमेटी के अवधेश दीक्षित ने बताया कि रामलीला के सभी पात्र अपनी तैयारी में जुटे हैं। यहां जनक का अभिनय करने वाले सूर्यप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि उन्हें अभिनय करते समय एक पुत्री के पिता होने और उसकी जिम्मेदारी का अहसास होता है। राम का अभिनय करने वाले ऐश तिवारी ने कहा कि वे अपने जीवन में राम की तरह मयार्दा में रहना सीख रहे हैं जिससे वह समाज को अपनी मयार्दा में रहने की एक दिशा दे सकें। लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले शुभ दीक्षित का कहना है कि अभिनय करते समय वह अपने भाई के प्रति कर्तव्यों को जीवन्त रूप से निभाने का अनुभव करते हैं ।परशुराम का अभिनय करने वाले आदर्श दीक्षित ने कहा कि वैसे वह सीधे व शान्त स्वभाव के हैं लेकिन अभिनय करते समय उन्हें अहसास होता है कि कोई अदृश्य शक्ति उन्हें क्रोधित करती हुई अभिनय में वास्तविकता ले आती है। इसी तरह रावण का अभिनय करने वाले विवेक दीक्षित तथा बाणासुर का किरदार निभाने वाले अनीस दीक्षित ने बताया कि वह लोग अपने अभिनय से उपस्थित दर्शकों को अच्छाई और बुराई में अन्तर दिखाने का प्रयास करते हैं।

## जमीन में खुटा गड़ाने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे, एक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को 5 इंच जमीन के लिए युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। जमीन पर खूंटा गाड़ने को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्ष में जमकर लाठी और डंडे चले। युवक के सिर में डंडा मार कर उसका सिर फोड़ दिया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायलहो गया। बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी और बेटा को भी पीटा गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। जहा पर घायल युवक की मौत हो गई उसकी मौत हो गई। मौत के बाद पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया पुलिस ने मारपीट करने वालों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है

कोतवाली क्षेत्र के कटियामऊ गांव निवासी राम कुमार 50वर्ष पुत्र राम शंकर और उसके परिवार के लोग मंगलवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे मोहल्ले में अपनी जमीन पर खूंटा गाड़ रहे थे। इस दौरान दूसरे पक्ष के रामस्वरूप पुत्र छोटाई पासी, शिवपाल पुत्र रामस्वरूप, शिवम पुत्र शिवपाल ने आकर इस बात का विरोध कर दिया। दोनों पक्षों में 5 इंच जमीन को लेकर विवाद शुरू हो गया। दोनों जमीन पर अपना अपना दावा कर रहे थे ।दूसरे पक्ष के रामस्वरूप समेत अन्य लोगों ने मिलकर रामकुमार पर लाठी डंडों से वार कर हमला कर दिया। रामकुमार को पिटता देख उसकी पत्नी अनीता और बेटा साहिल बीच-बचाव करने पहुंच गए। इस दौरान हमलावरों ने उनको भी पीटा रामकुमार के सिर में डंडा लगने से वह मौके पर ही गिर गया। जमीन पर तड़पने लगा। इसी बीच सूचना पर सफीपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। रामकुमार को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही रामकुमार की मौत हो गई। मौत के बाद पुलिस ने आरोपी रामस्वरूप और शिवपाल को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। वहीं रामकुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई।

## चोरों के दहशत से ग्रामीण रात रात भर देते हैं पहरा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तमाम गावों में निवास करने वालों की नींद एक पखवारे से हराम हो गई है। रात होते ही चोरों के आने की दहशत का वातावरण खड़ा हो रहा है। ग्रामीण घरों की सुरक्षा को लेकर रात भर जग कर पहरा दे रहे हैं। कहीं भी संदिग्ध व्यक्ति को देख ग्रामीण रात में चोर चोर का हल्ला मचा दे रहे हैं। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत थाना बिहार बीघापुर बारा सगवर क्षेत्र के गांव देवारा मलौना भगवंतपुर व्यासपुर भोगइता सलेथू कुम्भी तलिहाई आदि सहित तमाम गावों के लोग रात में किसी भी चारपहिया व दो पहिया वाहनों के आने व जाने से भयभीत हो जा रहे हैं। रात भर जाग कर पहरा दे रहे हैं। किसी के ऊपर शक होने पर पूछताछ करना शुरू कर दे रहे है। देर शाम ग्रामीण हाथ में लाठी डंडा लेकर निकल पड़ रहे हैं। थोड़ी भी आहट पर सतर्क हो जा रहे हैं। राह से होकर गुजरने वाले अंजान राहगीर को भी रोकने से गुरेज नहीं कर रहे क्योंकि वे हर किसी अंजान को शक के दायरे में ही रखकर देख रहे हैं ।चोरों के आने की अफवाह कौन फैला रहा, यह किसी को पता नहीं। गांव में चोर आने की बात कौन कह रहा यह भी ग्रामीण नहीं जान रहे। चर्चा और अफवाहों को लेकर ग्रामीण जाग रहे हैं ।ग्रामीण तो चोरों के आने की बात को लेकर सतर्क हैं। जिस तरह रात के अंधेरे में लाठी डंडा लिए सतर्क ग्रामीण थोडी भी आहट और अंजान चेहरे को लेकर सतर्क और आक्रामक हो जा रहे हैं, ऐसे में डर इस बात का भी है कि कहीं कोई निर्दोष इसका शिकार न बना जाए। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह के ग्राम देवारा थाना बिहार मे चोरों के द्वारा बंधक बनाकर लूट किए जानें का मामला सामाचार पत्र की सुर्खियों में छाया रहा इसके साथ चोरी के बहुत मामले होने से जनता भयभीत हैं

## कुछ सालों पूर्व बनी सड़क गड्ढे में तब्दील

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकासखंड औरास के अंतर्गत बघवाकोला गांव के बाहर लोक निर्माण विभाग/सेतु निर्माण विभाग ने बीते सालों में पुल का निर्माण करवाया था जबकि कुछ समय/महीनो पूर्व उपरोक्त सड़क का भी नवीनीकरण कराया गया था जबकि ग्रामीणों के मुताबिक बरसात के पहले ही बनी सड़क बरसात के पानी से ही बड़े-बड़े गड्ढे हो गए जबकि संबंधित अधिकारी जानकर भी अंजान बने हुए है हालांकि ग्रामीणों ने उपरोक्त पुल के पास हुए बड़े-बड़े गड्ढों का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जबकि उपरोक्त पुल के पास से कुछ दूरी पर ही प्राथमिक विद्यालय है जहां छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा दी जाती है व छोटे-छोटे बच्चों का आवागमन बना रहता है जिससे बच्चों के अभिभावकों में उहापोह की स्थिति उत्पन्न होती रहती है हालांकि उपरोक्त गड्ढों के संबंध में उप जिलाधिकारी हसनगंज को भी ग्रामीणों ने अवगत है वही उपजिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित कर जल्द से जल्द उपरोक्त सड़क में हुए गड्ढों को भरवारा/दुरुस्त कराया जाएगा।



## हरियाली के रंग में रंग रहा है जियो टैगिंग को बनाया संरक्षण का विकल्प

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में नियुक्त सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्र अपूर्व और बेसिक शिक्षा विभाग उन्नाव में नियुक्त शिक्षक डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव को विशाल रूप देते हुए अन्य जनपदों में भी इसके प्रयास शुरू कर दिए हैं। प्रत्येक रोपित पौधे की जियो टैगिंग करवाकर उन्हें संरक्षित रखने के विकल्प भी तलाशे जा रहे हैं। पितृपक्ष के दौरान भी पूर्वजों की स्मृति में देववृक्ष रोपित किए जा रहे हैं। आज बीघापुर की खंड शिक्षा अधिकारी शुचि गुप्ता के निर्देशन में बीआरसी बीघापुर में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला उपाध्यक्ष गणेश शंकर गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष धीरज प्रताप सिंह, प्राथमिक के ब्लॉक अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, जूनियर ब्लॉक अध्यक्ष राज किशोर गौतम एवम कार्यालय सहायक विनोद यादव ने बीआरसी में चल रही राष्ट्रीय आविष्कार विज्ञान परीक्षा के उपरांत सभी शिक्षकों को, ₹एक व्यक्ति एक पौधा₹ के माध्यम से ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव का संदेश देते हुए चितवन के पौधे का का रोपण किया। महिला शिक्षकों ने ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव के पोस्टर के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। साथ उपस्थित शिक्षकों में संदीप शुक्ल, निखिल कांत दीक्षित, ए आर पी अभिषेक गुप्ता सुनील एवम महेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। सफीपुर के प्राथमिक विद्यालय रायपुर मुड़हा में प्रधान शिक्षक संजीव संखवार सहित कमलदीप कौर, सीमा कटियार और बच्चों ने नीम, आम और शमी के पौधे रोपित किए। सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्राथमिक विद्यालय रनियामऊ में अमित तिवारी और साथी शिक्षकों ने नीम का पौधा रोपित कर उसकी जियो टैगिंग की।

## कैफे संचालक ने दबंगो पर मारपीट करने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद मार्ग स्थित कैफे संचालक अविनाश कुमार ने आरोप लगाया है कि कुछ दबंगों ने उनके कैफे में घुसकर मारपीट की और तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। पूरी वारदात कैफे में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है ।गाजिया खेड़ा निवासी अविनाश कुमार का कैफे ₹ए 3₹ के नाम से जाना जाता है। अविनाश के अनुसार, रात करीब 9 बजे कुछ दबंग कैफे में आए, जब वहां कुछ ग्राहक मौजूद थे। दबंगों ने बिना किसी वजह के जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस बीच, एक आरोपी ने तमंचा लहराते हुए सभी को धमकाया और जान से मारने की धमकी दी ।कैफे में मौजूद ग्राहकों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान किसी ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## घर से लापता महिला का तालाब में उतराता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के गांव दरसवां निवासी रामलखन उर्फ मंटू की दस वर्ष पूर्व रायबरेली जिले के गांव नयाखेड़ा निवासी शालिनी के साथ शादी हुई थी ।सोमवार रात शालिनी किसी बात पर नाराज होकर घर से कही चली गई ।स्वजन ने काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नही चल सका ।मंगलवार सुबह घर से पचास मीटर दूर स्थित तालाब में शालिनी का शव उतराता हुआ मिला ।पति रामलखन ने पुलिस को सूचना दी ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।वही मौके पर पहुंचे मायके पक्ष से पिता अंबिका प्रसाद सहित अन्य स्वजन मौके पर पहुंच बेटी की हत्या कर तालाब में फेके जाने का आरोप लगाया है ।पिता अंबिका प्रसाद ने पुलिस को शालिनी की हत्या किए जाने की तहरीर दी है ।वही पति रामलखन ने बताया कि शालिनी कुछ दिनों से मानसिक परेशान रहती थी ।इसी के चलते यह कदम उठा लिया।

## डीएम की अध्यक्षता में पशुओं के पौष्टिक चारे के तहत कार्यशाला का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता व सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा की उपस्थिति में जनपद उन्नाव में पशुओं के पौष्टिक चारे हेतु मनरेगा योजनान्तर्गत एजोला उत्पादन, नेपियर उत्पादन एवं पशुओं की सुरक्षा हेतु गौशाला में बायोफेन्सिंग की व्यवस्था हेतु विकास भवन सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में उपायुक्त (श्रम रोजगार), मुनेष चन्द्र द्वारा एजोला व नेपियर घास के पौष्टिक तत्वों के बारे में बताया गया कि इस घास में प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है तथा एजोला को कम लागत में क्रियान्वित किया जा सकता है। यह घास बारहमासी होती है। नेपियर घास पशुओं के लिये अत्यन्त लाभदायक है। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा इन घासों को कैसे उगाएं और प्रयोग में लाएं, के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके साथ ही गौशाला में बबूल, नागफनी, करौंदा, बांस की बायोफेन्सिंग कर पशुओं की सुरक्षा के बारे में भी बताया गया। कार्यशाला में जिलाधिकारी द्वारा एजोला व नेपियर घास को समय पर लगाने तथा बायोफेन्सिंग को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देश दिए कि एजोला एवं नेपियर घास समस्त जगहों पर सही तरह से उत्पादित की जा सके इस हेतु मानक संचालन प्रक्रिया जारी की जाए। इसके साथ ही उन्होने कहा कि 02 अक्टूबर को ग्राम प्रधानों के साथ खुली बैठक कर उपरोक्त कार्यों पर चर्चा कर इन्हे क्रियान्वित किया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि एजोला एवं नेपियर घास को फसल चक्र के मुताबिक उगाया जाए ताकि वर्ष भर जानवरों को हरा चारा मिलता रहे। उन्होने कहा कि गौशालाओं में कम खर्चे में पशुओं की सुरक्षा हेतु बायोफेंसिंग कराना अधिक प्रभावी होगा। उन्होने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वालों को बधाई देते हुए कहा कि इस कार्य में जन प्रतिनिधियों को भी सामिल किया जाए। इस अवसर पर सीडीओ ने बताया कि एजोला और नेपियर घास पशुओं के स्वास्थ के लिये अत्यन्त उपयोगी है। उन्होंने ग्राम पंचायतों में मनरेगा मजदूरों को रोजगार तथा अमृत सरोवर एवं खेल मैदान आदि का निर्माण कराने के निर्देश दिये ।कार्यशाला में डा0 आनन्द सिंह, वैज्ञानिक पशु विज्ञान, के०वी०के०, सीतापुर, डा० महावीर सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी शशांक चैधरी, जिला कृषि अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी/ कार्यक्रम अधिकारी, समस्त अतिरिक्त, कार्यक्रम अधिकारी जनपद के समस्त विकास खण्डों से जिन गौशालाओं में अधिक गौवंश हैं, उनके 32 प्रधान, 32 तकनीकी सहायक तथा ग्राम सचिव आदि मौजूद रहे।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com





# नवरात्री 2024 की तैयारी

पावन शारदीय नवरात्र आरंभ होने वाले हैं। इन नौ दिनों में आप भी मां शक्तिस्वरूपा के विभिन्न रूपों की आराधना करेंगी, उनसे अपने कल्याण की कामना करेंगी। वास्तव में नवरात्र के अलग-अलग नौ दिनों में देवी के जिन रूपों की हम पूजा करते हैं, वे स्वरूप ही हमारी अंतर्चेतना को जाग्रत करने की प्रेरणा देते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि हम मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों में निहित संदेश को आत्मसात करें।

## शक्तिस्वरूपा के नौ रूप जगाते हैं अंतर्चेतना

आवरण कथा

**डॉ. मोनिका शर्मा**

इस गुरुवार से नवरात्र आरंभ हो रहे हैं। मां शक्ति की उपासना के नौ दिन, ऊर्जा को आत्मसात करने के दिन होते हैं। नवरात्र के आस्था पूरित उत्सवीय परिवेश में भगवती दुर्गा के नौ रूपों की आराधना की जाती है। हर दिन आदिशक्ति भवानी के अलग रूप की उपासना होती है। आध्यात्मिक अनुभूतियों के इन ऊर्जामयी दिनों में मां के हर रूप से मन शक्ति को साधने की सीख ली जा सकती है। ज्ञान के प्रकाश से जीवन आलोकित किया जा सकता है। संकट से जूझने का साहस पाया जा सकता है। दुष्टता से लड़ने की शक्ति जुटाई जा सकती है। इस पावन पर्व पर नव दुर्गा की शक्ति को जीवन से जोड़कर देखें तो शक्तिस्वरूपा के नौ अवतार, सार्थक विचारों और सधे जीवन से जुड़े नौ रंगों से मिलवाते हैं।

### शैलपुत्री देती हैं अडिग मन का आशीष



**मां भगवती** का शैलपुत्री रूप, मन की स्थिरता के मायने समझाता है। असल में हिमालय को शैलेंद्र, शैल यानी पहाड़ के नाम से भी जाना जाता है। पार्वती के रूप में हिमालय के घर जन्म लेने से मां दुर्गा का नाम शैलपुत्री भी है। माता के हिमालय की बेटी शैलपुत्री रूप का पूजन-अर्चन कर धन-धान्य और मानसिक स्थिरता की कामना की जाती है। वर्तमान दौर में जीवन के हर मोर्चे पर सफलता के लिए डटे रहने का इरादा आवश्यक है। मां दुर्गा का यह ईश्वरीय स्वरूप चेतना के शिखर को भी प्रतिबिंबित करता है। मान्यता है कि इंसानी मन जब भावनाओं के शिखर पर होता है तो एक दिव्य चेतना जाग्रत होती है। माता शैलपुत्री का वास्तविक अर्थ, ठहराव संग मिली यह चेतनामयी अवस्था ही है। हर स्त्री मां की आराधना करते हुए अपने मन को साधने का मार्ग भी चुने।

### ब्रह्मचारिणी प्रदान करती हैं सदाचार का आशीर्वाद



**मां भगवती** के पूज्यनीय स्वरूप विचार ही नहीं, व्यवहार के मोर्चे पर भी व्यक्तित्व को परिष्कृत करते हैं। नवरात्र के अवसर पर दूसरे दिन पूजे जाने वाले मां दुर्गा के रूप ब्रह्मचारिणी का अर्थ ही सार्थक बर्ताव से जुड़ा है। ब्रह्मचारिणी यानी सकारात्मक आचरण के पालन का भाव। सदाचार की समझ। जीवन की हर परिस्थिति में संयम और नियम से रहने की सोच। समझना मुश्किल नहीं कि अनुशासन का यह सिद्धांत, स्वयं अपने सपनों से लेकर संबंधों तक सब कुछ साधने वाला है। आध्यात्मिक उन्नति हो या सांसारिक सफलता, अच्छा व्यवहार हर कहीं सफलता दिलाता है।

### कात्यायिनी प्रदान करें आरोग्यता का आशीर्वाद



**अपने बच्चों** के नाम से पहचाने जाने के साथ ही स्त्री को अपने पिता के नाम से पहचाने जाने पर भी असीम सुख मिलता है। माता का छठा रूप कात्यायिनी, ऋषि कात्यायन की पुत्री होने के नाते पड़ा है। तपस्या से खुश होने पर ऋषि ने वरदान में मांगा था कि देवी दुर्गा उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लें। मां कात्यायनी स्वास्थ्य की देवी हैं। निरोगी रहने का आशीष देती हैं। शरीर को रोग और मन को शोक-संताप से मुक्त करती हैं। आज भी स्त्रियों के लिए सेहत और सुकून मिलना मुश्किल बना हुआ है। ऐसे में मां के इस रूप से तन-मन को स्वस्थ रखने का आशीष मांगें। खुद को दोनों मोर्चों पर सशक्त बनाएं।

### कालरात्रि शक्ति अर्जन का दें संदेश



**माता दुर्गा** का सातवां रूप समय से जुड़ा है। यह मेहनत से सिद्धि पाने की शक्ति जुटाने का संदेश देता है। माना जाता है कि रात के समय साधना अधिक फलित होती है। माता का सातवां रूप, कालरात्रि सभी सिद्धियों के दाता के रूप में पूजा जाता है। असल में यह दैवीय स्वरूप श्रमशील रहने की सीख देता है। दिन-रात के फर्क को भूल अपनी ऊर्जा अपने सपने पूरे करने में लगाने के भाव को बल देता है। रुकने-थकने के बजाय अपनी मंजिल की ओर बढ़ते रहने की सोच को सींचता है। महिलाओं स साथ अनगिनत जिम्मेदारियों भी होती हैं। माता का यह रूप हर स्त्री को कर्तव्य ही नहीं अधिकार याद रखने के दायित्व का भी बोध करवाता है। मां का यह रूप अति विकराल और हर संकट के सामने डट जाने की सीख देता है। विकट परिस्थितियों में भी ज्ञानशक्ति और कर्मशक्ति के सार्थक मेल के मायने समझाता है।

### महागौरी ऊर्जामयी बनने का दें आशीष



**देवी दुर्गा** का आठवां स्वरूप महागौरी का है। यह संपूर्ण व्यक्तित्व को संवारने की सोच को बल देता है। मां पार्वती को गौरी भी कहा जाता है। महागौरी यानी मां पार्वती का सबसे उत्कृष्ट स्वरूप। वह रूप जो स्वयं को साधकर पाया जाता है। मन-जीवन को निखारने के मार्ग पर की गई कठोर मेहनत के बाद अस्तित्व में आता है। यही कारण है कि महागौरी की पूजा तप का वह भाव है, जो स्त्रीमन के विचार-व्यक्तित्व को ऊर्जामयी चमक देता है। अस्थिर चित्त और अस्त-व्यस्त जीवनचर्या से दूर रखता है। आज की जीवनशैली में विचार और व्यक्तित्व को निखारने के लिए यह साधना आवश्यक है। इसे मां से जुड़े मन के विश्वास का पावन आधार बहुत बल देता है।

### चंद्रघंटा प्रदान करें अंतर्मन की शक्ति



**महादेवी का** तीसरा रूप मां चंद्रघंटा का है। मां का यह स्वरूप मन को शक्ति और शांति देने वाला है। मस्तक पर घंटे के आकार का चंद्रमा लिए यह स्वरूप संतुष्टि के भाव को पोसता है। मन का खोता ठहराव पाने के लिए इस रूप की आराधना की जाती है। असल में आज की आपा-धापी में आत्मकल्याण और भीतरी शांति की चाह हर स्त्री को है। भौतिकता की चकाचौंध में गुम होने की स्थितियां भी हर ओर बनी हुई हैं। आए दिन सामने आने वाले वाक्य बताते हैं कि धोखेबाजी और भटकाव की राहें बहुत-सी महिलाओं को दिशाहीन कर रही हैं। ऐसे में नवरात्र में मां से अडिग मन का आशीष मांगें।

### कूष्मांडा हर भय से करें मुक्त



**वास्तव में** देवी मां हमारी निर्मल चेतना में सदा ही समाहित रहती हैं। मां भगवती के नौ रूप और हर नाम से जुड़ी दैवीय शक्ति को पहचानना ही नवरात्र का उत्सव मनाना है। शक्ति आराधना के इन दिनों में स्त्रियां स्वयं अपने आंतरिक ओज से परिचित हों, इससे अच्छा क्या हो सकता है। इसी कड़ी में महादेवी दुर्गा का कूष्मांडा स्वरूप निडर रहने का आशीष देता है। अष्ट भुजाओं में अस्त्र थामे माता का यह दिव्य रूप, हर महिला को मन से मजबूत रहने की प्रेरणा देता है। हर भय से मुक्त हो राह में आगे बढ़ते जाने के लिए मां के चौथे रूप कूष्मांडा की आराधना की जाती है। सेना से लेकर सेवा क्षेत्र तक उपस्थिति दर्ज करवा रहीं स्त्रियां, शक्ति को समझें और निर्भय बन जीवन रण में डटी रहें।

### स्कंदमाता सृजनशक्ति का दें आशीष



**माता दुर्गा** का पांचवां रूप अपने पुत्र के नाम से जाना जाता है। यह हर स्त्री के लिए सुखदायी होता है कि मातृत्व का यूं भी मान हो। उनके बच्चे उनकी पहचान बनें। भगवान शिव और पार्वती के पहले पुत्र कार्तिकेय का एक नाम स्कंद भी है। स्कंद की माता के रूप में मां दुर्गा स्कंदमाता कही जाती हैं? स्कंदमाता शक्ति के संचय और सृजन का आशीर्वाद देती हैं। ज्ञान विज्ञान के इस आधुनिक संसार में भी मां बनना नव सृजन का सबसे सुंदर रूप माना जाता है। मातृशक्ति की उपासना सबसे ऊपर है। भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को प्राणशक्ति माना गया है। स्त्रियां अपनी इस शक्ति को पहचानें, जो स्त्री मन को ना केवल मानवीय बनाती है बल्कि सृष्टि को गतिशील भी बनाए हुए है।

### सिद्धिदात्री प्रदान करें स्त्रीशक्ति की अनुभूति



**महिलाएं यह** मान ही नहीं पातीं कि उनका ऊर्जावान मन सब कुछ कर सकता है। नवरात्र में नवदुर्गा का नौवां और अंतिम रूप सिद्धिदात्री के रूप में पूजा जाता है। महादेवी का यह स्वरूप हर स्त्री को स्त्रीत्व की शक्ति से परिचित कराता है। स्त्री शक्ति के रूप में उस सिद्धि से मिलवाता है, जिसके बल पर महिलाएं परिवार ही नहीं समाज की भी धुरी बनती हैं। रिश्तों को पोसती हैं। अपनेपन के बर्ताव को कुशलता से साधती हैं। यूं सिद्धि पाना आम महिलाओं के लिए सरल नहीं होता पर वे सब कुछ संभालने का माद्दा हर बार दिखाती है। देवी पुराण के अनुसार भगवान शिव ने भी महादेवी के सिद्धिदात्री स्वरूप से कई सिद्धियां प्राप्त की थीं। महादेव के अर्धनारीश्वर स्वरूप में समाहित देवी भी माता सिद्धिदात्री ही हैं। इसीलिए महिलाएं खुद को कमतर आंकने के बजाय अपनी शक्ति पहचानें। यही सोच अपनी योग्यता को जीवन के हर पहलू पर सिद्ध करने का मानसिक बल देगी। शारीरिक सबलता को पोसेगी।

---

वास्तु-सलाह

**अनिता जैन, वास्तुविद**

नवरात्र के नौ दिन अत्यंत पावन और शुभ फलदायी माने जाते हैं। इस दौरान पूजन करते समय अगर आप वास्तु नियमों का भी ध्यान रखेंगी तो आपके घर-परिवार पर माता रानी की विशेष कृपा बरसेगी।

## ऐसे करें नवरात्र उपासना प्राप्त होगी देवी मां की कृपा



सनातन धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से लेकर विजय दशमी तक का समय अत्यंत पवित्रता, उल्लास और उमंग से परिपूर्ण होता है। शक्ति आराधना के इन पावन दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से की जाती है। देवी मां संपूर्ण जगत को शक्ति, स्फूर्ति और ऊर्जा प्रदान करती हैं, सभी को अपना ममतामयी आशीर्वाद देती हैं। ऐसे में देवी मां की पूजा के इन बेहद विशेष नौ दिनों में श्रद्धा-भक्ति के साथ-साथ कुछ वास्तु नियमों को ध्यान में रखकर मां की उपासना की जाए तो इससे पूजा में ध्यान लगता है। इससे शुभ फल और सकारात्मक ऊर्जा की भी प्राप्ति होती है।

**कलश स्थापना की दिशा:** नवरात्र में कलश स्थापना का विशेष महत्व है। लेकिन इसे सही दिशा में स्थापित करना परम आवश्यक है। ऐसा करने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह निवास स्थान में होता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार कलश को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। कलश में सभी ग्रह, नक्षत्रों और तीर्थों का वास होता है। इनके अलावा ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, सभी नदियों, सागरों, सरोवरों और तैंतीस कोटि देवी-देवता कलश में विराजमान होते हैं। वास्तु के अनुसार ईशान कोण (उत्तर-पूर्व) जल और ईश्वर का स्थान माना गया है। यहां सर्वाधिक सकारात्मक ऊर्जा वास करती है। इसलिए पूजा करते समय माता की प्रतिमा या कलश की स्थापना इसी दिशा में करनी चाहिए।

**प्रज्ज्वलित करें अखंड ज्योति:** नवरात्र के दौरान देवी मां के पूजास्थल पर शुद्ध देसी घी का अखंड दीप जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, नकारात्मक ऊर्जाएं नष्ट होती हैं। इससे आस-पास का वातावरण शुद्ध और शांति से भर जाता है। अखंड दीप को पूजा स्थल के आग्नेय यानि दक्षिण-पूर्व दिशा में रखना शुभ होता है। यह दिशा अग्नि तत्व का प्रतिनिधित्व करती है। आग्नेय कोण में अखंड ज्योति या दीपक रखने से शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है। घर में सुख-समृद्धि का निवास होता है। संध्याकाल में पूजन स्थल पर घी का दीपक जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है, घर के सदस्यों को यश की प्राप्ति होती है। इतना ही नहीं रोग और क्लेश भी दूर होते हैं।

**संगीत-ध्वनि का महत्व:** नवरात्र के दौरान मां की उपासना में शंख और घंटी का उपयोग करना ना भूलें। वास्तु शास्त्र के अनुसार, शंख और घंटी की ध्वनि घर से नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है और वातावरण को शुद्ध बनाती है। शंख को उत्तर-पूर्व दिशा में बजाना सबसे अधिक शुभ माना जाता है। जब आप मां के भजनों और मंत्रों का उच्चारण करें तो ध्यान दें कि ऐसा करते समय ध्वनि पूरे घर में गूंजनी चाहिए, ऐसा करने से आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहेगा।

### पूजा स्थल का चयन और दिशा

**इस बात** का ध्यान रखें कि आपका पूजन कक्ष साफ-सुथरा हो, उसकी दीवारें हल्के पीले, गुलाबी, हरे या बैंगनी जैसे आध्यात्मिक रंग से रंगी हों तो अच्छा है। ये रंग आपकी आध्यात्मिक ऊर्जा के स्तर को बढ़ाते हैं। काले, नीले और भूरे जैसे तामसिक रंगों का उपयोग पूजा कक्ष की दीवारों पर नहीं होना चाहिए। वास्तु विज्ञान के अनुसार मानसिक स्पष्टता और प्रज्ञा का दिशा क्षेत्र ईशान कोण यानी कि उत्तर-पूर्व दिशा को पूजा-पाठ के लिए श्रेष्ठ माना गया है। इस दिशा में बैठकर पूजा करने से शुभ फलों में वृद्धि होती है और ईश्वर की कृपा मिलती है।

---

डाइट सजेशन

**ललिता गोयल**

अगर आने वाले नवरात्र में आप नौ दिनों का व्रत रखने वाली हैं तो इस दौरान अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें। इसके लिए आपका डाइट प्लान कैसा हो, इस बारे में यहां बता रहे हैं। यदि आपको कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या है तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

## अगर रखें नौ दिन का व्रत ऐसा हो आपका डाइट प्लान



आगामी नवरात्र में अगर आप नौ दिनों का व्रत रखने वाली हैं तो हम आपको नौ दिनों का ऐसा डाइट प्लान बता रहे हैं, जिससे आप व्रत के दौरान हेल्दी रहेंगी, स्किन ग्लो करेगी और आपको कमजोरी या सुस्ती भी महसूस नहीं होगी।

**पहला दिन:** व्रत के पहले दिन आप नाश्ते में चिया सीड्स, भुने मखाने और बादाम का दूध लें। दोपहर के खाने में समा के चावल के पुलाव के साथ पुदीने का रायता और एक कप अनार ले सकती हैं। शाम के स्नैक्स में बादाम के दूध में बगैर चीनी के फलों की स्मूदी और डिनर में कद्दू या लौकी का सूप और सेंधा नमक के साथ भुने मखाने ले सकती हैं।

**दूसरा दिन:** दिन की शुरुआत दालचीनी के डिटॉक्स वॉटर के साथ करें। इसके बाद 6 से 8 भीगे हुए बादाम और चिया सीड्स के साथ फलों की स्मूदी लें। लंच में कुट्टू की रोटी के साथ लौकी की सब्जी और नारियल पानी अपनी डाइट में शामिल करें। स्नैक्स में आप एक सेब या केला और कम चीनी वाली चाय ले सकती हैं। रात के खाने में सब्जी वाली साबूदाना खिचड़ी के साथ दही लें।



**तीसरा दिन:** इस दिन की शुरुआत केले के शेक के साथ करें। इसमें चिया सीड्स शामिल करें। लंच में साबूदाना की खिचड़ी और रायता लें। स्नैक्स में खीरा या ग्रीन टी ले सकती हैं। रात में रोस्ट किए पनीर के साथ पुदीने की चटनी लें।

**चौथा दिन:** दिन की शुरुआत फ्रूट सलाद और नारियल पानी के साथ करें। दोपहर के खाने में सिंघाड़े के आटे की रोटी, दही, उबले आलू और सलाद लें। स्नैक्स में आप केले के चिप्स, कम दूध और चीनी वाली चाय और रात में समा के चावल की खिचड़ी और दही ले सकती हैं।

**पांचवां दिन:** इस दिन तक आते-आते आपको वीकनेस फील होने लगेगी। ऐसे में पांचवें दिन की शुरुआत व्रत वाले चौलाई के लड्डू और एक गिलास बगैर फैट वाले दूध के साथ करें। लंच में समा के चावल और सलाद, दही वाली अरबी की सब्जी और छाछ लें। स्नैक्स में आप एक कप चाय और रोस्टेड पनीर का सेवन कर सकती हैं। रात में शकरकंद के कटलेट्स लें।

**छठा दिन:** खुद को एनर्जेटिक फील करने के लिए आप भीगे हुए सूखे मेवे खा लें। इसके साथ फलों की सलाद भी खाएं। लंच में कुट्टू के आटे का चीला और नारियल की चटनी लें। स्नैक्स में आप शकरकंद की चाट और ग्रीन टी ले सकती हैं। रात के खाने में साबूदाना-टिक्की और पुदीने की चटनी लें।

**सातवां दिन:** नाश्ते में आप फ्रूट स्मूदी ले सकती हैं। दोपहर के खाने में आप कुट्टू के आटे की इडली और नारियल की चटनी ले सकती हैं। स्नैक्स में आप भुने मखाने और कम चीनी वाली चाय का सेवन करें। रात के खाने में कुट्टू के आटे का चीला और नारियल की चटनी लें।

**आठवां दिन:** भीगे हुए 8-10 बादाम के साथ मखाने का दलिया खाएं। दोपहर में कुट्टू के आटे की रोटी और पालक पनीर की सब्जी खाएं। स्नैक्स में मिक्स फ्रूट और रात के खाने में शकरकंद की चाट लें।

**नवां दिन:** व्रत के अंतिम दिन सुबह के नाश्ते में फल और दूध में भिगोए हुए सूखे मेवे लें। दोपहर के खाने में दही और आलू के साथ फलाहारी डोसा और स्नैक्स में मखाने के साथ चाय पिएं। रात में आप समा के चावल का पुलाव और रायता लें।

**(डाइटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

### इनका भी रखें ध्यान

- दिन की शुरुआत नीबू-पानी, शहद पानी और भिगोए हुए ड्राई फ्रूट्स से करें।
- व्रत के दौरान नाश्ता हैवी लें, जिससे दिनभर पेट भरा हुआ लगे।
- लंच से पहले शरीर के टॉक्सिंस निकालने के लिए एक गिलास डिटॉक्स ड्रिंक जैसे नीबू पानी, छाछ या नारियल पानी को डाइट में अवश्य शामिल करें। ये सारी चीजे आपको फ्रेश फील कराएंगी।
- रात के खाने में आप अंगूर, आम, अनानास जैसी रसदार फलों को शामिल ना करें। ये एसिडिटी की समस्या को बढ़ा सकते हैं।

---



## ऐसे करें फेस्टिव मेकअप दमके रूप सुहाना

मेकअप

**विधि**

नवरात्र के पावन अवसर पर माता रानी की पूजा-अर्चना के साथ कई जगहों पर डांडिया और गरबा नाइट का भी आयोजन किया जाता है। अगर आप भी इस तरह के इवेंट में जाने का प्लान कर रही हैं तो सिर्फ ट्रेडिशनल आउटफिट पहनना ही काफी नहीं होगा। आपको अपने मेकअप लुक का भी खास ध्यान रखना होगा। यहां बता रहे हैं, मेकअप करने के स्टेप्स, जिन्हें फॉलो करके आपका रूप दमकता नजर आएगा।

**सबसे पहले फाउंडेशन:** बेस रेडी करना, मेकअप का फर्स्ट स्टेप होता है। लेकिन चेहरे पर निखार लाने के लिए फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से पहले मैटिफाइंग प्राइमर या ऑयल फ्री मॉयश्चराइजर लगाएं। इसके बाद अपनी स्किन टोन के हिसाब से फेस पर बेस लगाएं। ध्यान रखें कि यह ज्यादा डार्क ना हो, ना ही ज्यादा लाइट हो।



ऐसा करने से मेकअप करने के बाद आपका लुक और निखर उठेगा।

**ब्लश और हाईलाइटर:** फेस्टिव ऑकेजन के लिए रेडी होते समय मेकअप के बाद चीक्स पर पहले ब्लश फिर हाईलाइटर जरूर लगाएं। लेकिन इनके शेड स्किन कलर और ड्रेस के अनुसार ही सेलेक्ट करें।

**लिपस्टिक:** फेस्टिव लुक मेकअप के लिए लाइट पीच, न्यूड शेड, लाइट ऑरेंज कलर की लिपस्टिक का शेड लगाएं। ये शेड आपके लुक में निखार लाएंगे। आप चाहें तो अपने आउटफिट से मैचिंग लिपस्टिक का शेड भी लगा सकती हैं। इन शेड्स में आप ग्लॉसी लिपस्टिक भी ऑप्ट कर सकती हैं।

**बिंदी लगाना ना भूलें:** मेकअप कंप्लीट करने के बाद ट्रेडिशनल ड्रेस के साथ मैचिंग या रेड कलर्ड बिंदी लगाना ना भूलें। इससे आपका एथनिक लुक और भी अपलिफ्ट होगा।

**(मेकअप एक्सपर्ट पूजा शर्मा से बातचीत पर आधारित)**